
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



पहली बार सफेद बालों ......



एक बार फिर कोर्टरूम में .....


वर्ष : 12 | अंक : 44 | लखनऊ, 05 फरवरी, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# मुजफ्फरनगर के किसानों को सौगात

## मोरना चीनी मिल के विस्तार के लिए 261.91 करोड़ को मंजूरी; सीएम योगी से मिले धर्मेंद्र मलिक

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख /

लखनऊ।



भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेंद्र मलिक ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। द गंगा सहकारी चीनी मिल मोरना (मुजफ्फरनगर) के आधुनिकीकरण/विस्तारीकरण के लिए 261.91 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। मलिक ने कहा कि यह निर्णय पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों और चीनी उद्योग के लिए ऐतिहासिक है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि द गंगा सहकारी चीनी मिल के आधुनिकीकरण एवं क्षमता विस्तार के लिए आपकी अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) एवं क्षेत्र के लाखों गन्ना किसानों की ओर से आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इस मिल की पेराई क्षमता को प्रथम चरण में 2500 TCD से बढ़ाकर 3500 TCD तथा भविष्य में 5000 TCD तक ले जाने की योजना और इसके लिए लगभग 262 करोड़ रुपये की परियोजना को स्वीकृति देना स्पष्ट करता है कि आपकी सरकार किसानों की आय, समयबद्ध गन्ना भुगतान और आधुनिक कृषि आधारित उद्योगों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। यह निर्णय न केवल मोरना क्षेत्र, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इससे पेराई में तेजी आएगी, किसानों को समय पर भुगतान होगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार व आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यह कदम न केवल इस मिल की उत्पादन क्षमता, दक्षता और तकनीकी स्तर को आधुनिक बनाएगा, बल्कि क्षेत्र के हजारों गन्ना किसानों की आय, रोजगार और आर्थिक सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगा। मलिक ने मुख्यमंत्री से कहा कि आपकी दूरदर्शी सोच के कारण किसानों को समय पर भुगतान मिलेगा तथा मिल की कार्यक्षमता बढ़ेगी। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे तथा पर्यावरण अनुकूल तकनीक को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समयबद्ध गन्ना मूल्य भुगतान, चीनी मिलों का आधुनिकीकरण, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण अधोसंरचना का विकास और किसान-कल्याणकारी योजनाएं किसानों के मन में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने आशा जताई कि सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का गन्ना क्षेत्र निरंतर प्रगति करेगा।

## केंद्रीय बजट की तर्ज पर योगी सरकार पेश करेगी आर्थिक सर्वे रिपोर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रदेश सरकार पहली बार भारत सरकार की तर्ज पर विधान मंडल के बजट सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आर्थिक सर्वे रिपोर्ट पेश करेगी। रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य की आर्थिक स्थिति के साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के बीते नौ महीनों की उपलब्धियां व आंकड़ों को शामिल किया जा रहा है। रिपोर्ट में भविष्य की संभावनाओं भी होंगी। एक-दो दिन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। पूर्व के वर्षों में भी नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा तैयार किए जाने वाले आर्थिक सर्वे रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जाता रहा है, लेकिन पहली बार प्रदेश सरकार आर्थिक सर्वे रिपोर्ट को वृहद स्तर पर तैयार करा रही है। जिसमें प्रदेश की आर्थिक स्थिति का पूरा ब्यौरा रहेगा। प्रदेश की जीडीपी वृद्धि की स्थिति, बजट आवंटन व खर्च के साथ ही प्रमुख क्षेत्रों जैसे उद्योग, निर्माण, कृषि, सेवा, अवसंरचना, ऊर्जा, रोजगार आदि की विस्तृत रिपोर्ट रहेगी। इन क्षेत्रों में हुए बदलावों का जिक्र रहेगा।

# महाप्रभु की शरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## पुरी में मुर्मू ने किया पूर्वजों का पिंडदान, श्रीजगन्नाथ मंदिर में टेका माथा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को अपनी ओडिशा यात्रा के तीसरे दिन की शुरूआत गहरी आध्यात्मिक आस्था के साथ की। पुरी में रात्रि विश्राम के बाद, राष्ट्रपति ने पवित्र श्वेत गंगा कुंड में पिंडदान किया और उसके बाद भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पुरी के लोक भवन में रात्रि विश्राम के बाद, राज्य के अपने दौरे के तीसरे दिन राष्ट्रपति सुबह सात बजे श्वेत गंगा पहुंचीं, जहां उन्होंने पूर्वजों की आत्माओं की शांति लिए पिंडदान किया। इसके बाद राष्ट्रपति सुबह सात बजकर 40 मिनट पर श्रीजगन्नाथ मंदिर के सिंहद्वार पहुंचीं, जहां गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरविंद कुमार पाढ़ी भी मौजूद थे। राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर मंदिर को आम श्रद्धालुओं के लिए बंद रखा गया था। अपने परिवार के साथ राष्ट्रपति ने धुकुड़ी द्वार (दक्षिणी द्वार) से मंदिर में प्रवेश किया और गर्भगृह में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन किए। एसजेटीए के मुख्य प्रशासक ने बताया कि राष्ट्रपति बनने के बाद मंदिर में मुर्मू की यह चौथी यात्रा है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ने गर्भगृह में प्रार्थना की, दीप प्रज्वलित किया और मंदिर परिसर में मां बिमला तथा मां लक्ष्मी मंदिरों में दर्शन किया। राष्ट्रपति की मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना के साथ प्रशासन की ओर से मंदिर पर ध्वज फहराया गया। दर्शन के बाद राष्ट्रपति मंदिर के सामने जुटे लोगों के पास गईं और उनसे बातचीत की। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए मंदिर और पुरी शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति को खंडुआ (पवित्र वस्त्र) और पटचित्र भेंट किया गया। राष्ट्रपति मुर्मू दिन में बाद में मयूरभंज जिले स्थित अपने पैतृक स्थान रायरंगपुर जाएंगी।


## खबर संक्षेप

### राजपाल को तिहाड़ में सरेंडर करने के आदेश



नई दिल्ली। राजपाल यादव की कानूनी मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने 4 फरवरी को शाम 4 बजे तक सरेंडर करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने फैसले में कहा कि आपने कहा था कि आप बॉम्बे में हैं, इसलिए आपको सरेंडर के लिए 2 दिन का समय दिया गया था। मुझे नहीं लगता कि अब कोई आधार बचा है।

### एक्सप्रेसवे पर पलटा टैंकर 12 किमी लंबा जाम लगा



नई दिल्ली। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गैस टैंकर के पलटने के 18 घंटे बाद भी सड़क ठप पड़ी है। एक्सप्रेसवे पर हजारों गाड़ियां फंस गई है और दोनों ओर से सड़क पर भयंकर जाम लगा हुआ है। इससे महिलाओं और बच्चों समेत यात्रियों को बिना खाने, पानी या टॉयलेट की सुविधा के रहना पड़ा। यह जाम 12 किमी से लंबा था।

### कालसी दुर्घटना में घायलों को देखने पहुंचे धामी



दून। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के दून अस्पताल में कालसी में हुए हिमाचल रोडवेज बस हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की और उनका हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को बस हादसे में घायल सभी लोगों का ठीक से इलाज सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बस में 36 लोग सवार थे। 33 लोग घायल हुए थे।

### अगले साल दो चरणों में होगी जनगणना



नई दिल्ली। केंद्र ने जनगणना 2027 के तहत जाति गणना पर गतिरोध को दूर करते हुए स्पष्ट किया है कि जनगणना के दूसरे चरण में जाति से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि प्रक्रिया परंपरागत रूप से दो चरणों में पूरी होगी। जनगणना के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन होगा।

## बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, बोलीं ममता

# चुनाव आयोग को बताया वॉट्सएप आयोग नाम काटने के लिए की जा रही कार्रवाई

### ममता के वकील ने कहा- दिया था तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



सीजेआई की पीठ ने की सुनवाई

खुद वकीलों के बीच मौजूद रहीं सीएम ममता

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण( एसाईआर) को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी खुद वकीलों के बीच मौजूद थीं। सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने की। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उन्हें बंगाल के अपने दो साथी न्यायाधीशों से जानकारी मिली, जिन्होंने पास प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया समझाई और इसी समझ के आधार पर इस मुद्दे को शामिल किया गया।

मामले में सीएम ममता का पक्ष रखने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने बताया कि न्यायालय ने पहले तार्किक विसंगतियों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। सीजेआई ने कहा कि न्यायालय को सूचित किया गया था कि सूची संचार का एकमात्र माध्यम नहीं है और संबंधित व्यक्तियों को व्यक्तिगत नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा।

#### 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं: बंगाल सरकार

अधिवक्ता श्याम दीवान ने याचिकाकर्ता के संक्षिप्त नोट पर विचार करने का आग्रह किया और बताया कि इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए 4 दिन शेष हैं। उन्होंने कहा कि 32 लाख मतदाता सूचीबद्ध नहीं हैं, 1.36 करोड़ नाम तार्किक विसंगति सूची में हैं, और 63 लाख मामलों की सुनवाई अभी लंबित है। उन्होंने यह भी बताया कि 8,300 सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया गया है।

#### नाम के उच्चारण पर हो रही असुविधा

न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि बंगाल में श्री द्विवेदी का उच्चारण 'दिबेदी' होगा, और बताया कि बंगाली भाषा में 'वा' की ध्वनि नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने जवाब दिया कि कम से कम उनके नाम का उच्चारण तो सही होगा, जिस पर ममता ने बीच में ही टोकते हुए कहा कि ऐसा नहीं होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता दीवान ने बताया कि नाम संबंधी विसंगतियों के कारण सीमित समय का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो रहा है और मतदाताओं को गंभीर असुविधा हो रही है। सीजेआई ने र्विाचन आयोग के वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से पूछा कि कुछ विसंगतियां स्थानीय बोलियों और उच्चारण में भिन्नता के कारण उत्पन्न होती हैं और इस तरह की समस्याएं पूरे देश में होती हैं।

#### जबरन नाम हटाए जा रहे

बेनर्जी ने कहा कि वे ठोस उदाहरण दे रही हैं और प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित तस्वीरें भी दिखा सकती हैं। एसआईआर का उपयोग केवल नाम हटाने के लिए किया जा रहा है। ममता ने कहा कि जब कोई बेटी शादी के बाद अपने ससुराल जाती है, तो सवाल उठते हैं कि वह अपने पति का उपनाम क्यों इस्तेमाल कर रही है। ऐसी कई महिलाओं के नाम एकतरफा तरीके से मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि फ्लैट खरीदने या निवास स्थान बदलने वाले गरीब लोगों के नाम भी हटाए जा रहे हैं।

#### आयोग ने किसी पत्र का जवाब नहीं दिया

सीएम ममता ने बताया कि आधार कार्ड को मान्यता देने के निर्देश के बाद बंगाल के लोगों को राहत मिली है। अन्य राज्यों में निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। केवल बंगाल को ही निशाना बनाया जा रहा है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग को छह पत्र लिखे जा चुके हैं। इस दौरान आयोग द्वारा एक भी पत्र का जवाब नहीं आया है। स्वयं को बंधुआ मजदूर बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि एक व्यापक उद्देश्य के लिए लड़ रही हैं।

#### यहां भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की हुई नियुक्ति

सीएम ममता ने आरोप लगाया कि मतदाता पंजीकरण अधिकारियों को प्रभावी रूप से उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। भाजपा शासित राज्यों से सूक्ष्म पर्यवेक्षकों को नामों को हटाने के लिए नियुक्त किया गया है। ये बिना उचित सत्यापन के कार्यालयों में बैठे-बैठे ही नाम हटा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि फॉर्म 6 भरने की अनुमति नहीं दी गई है, जिसके परिणामस्वरूप लाखों नाम हटा दिए गए हैं। कई जीवित व्यक्तियों को गलत तरीके से मृत घोषित कर दिया गया है। 58 लाख नाम काट दिए गए, उनके पास अपील करने का विकल्प नहीं था।

#### ममता ने आयोग को कठघरे में खड़ा किया

ममता ने चुनाव आयोग को 'वॉट्सएप आयोग' कहा और कहा कि आयोग वॉट्सएप से अनौपचारिक आदेश जारी कर रहा था। 4 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, 24 साल बाद, तीन महीने में यह सब करने की क्या जल्दी थी? जब फसल कटाई का मौसम चल रहा है।

## शहजाद की मां का एक्सीडेंट, बोले

# घृणित इंसान ने जान-बूझकर चढ़ाई कार, आरोपी हुआ फरार



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की मां का एक्सीडेंट हो गया है। उन्होंने एक्स पर खुद इस घटना की जानकारी दी। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी मां की सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। वहीं पूनावाला के भाई तहसीन पूनावाला ने इस घटना का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और वहां खड़ी शहजाद की मां को टक्कर मार देती है। शहजाद ने पुलिस ने कार्रवाई की मांग की है। शहजाद ने घटना के बारे में एक्स पर एक पोस्ट करते हुए जानकारी दी। उन्होंने पोस्ट में लिखा, कुछ घंटे पहले एक बेहद घृणित इंसान ने जान-बूझकर मेरी मां पर अपनी कार चलाई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और फिर वह भाग गया।

#### सर्जरी करवानी पड़ेगी

माताजी की बहुत जल्द एक सर्जरी करानी पड़ेगी। कृपया उनके लिए प्रार्थना करें। मेरी मां सबसे दयालु और सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं और इस उम्र में उनके साथ यह होना मुझे अंदर तक कचोट रहा है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे पुलिस और सीएम देवेंद्र फडणवीस को एक्स पर टैग भी किया है। उन्होंने कहा है कि पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर उसे उचित सजा दिलाए।

#### भाई ने शेयर किया एक्सीडेंट का वीडियो

शहजाद के भाई तहसीन ने एक्स पर एक पोस्ट में दी है। उन्होंने अपनी मां के साथ हुए हादसे का वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है। तहसीन ने एक्स पर लिखा, मेरी मां, जो एक सीनियर सिटिजन हैं, मेरे ड्राइवर और एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट के साथ ड्राइव पर गई थीं और जब वे हमारी कार में गैस भरवा रहे थे, तो वे साइड में इंतजार कर रही थीं, तभी किसी ने उन्हें टक्कर मार दी (लगता है जान-बूझकर) और भाग गया! वीडियो में देखा जा सकता है कि एक कार पीछे की तरफ आती है और उनकी मां को टक्कर मार देती है।

#### सीएम फडणवीस ने ली जानकारी, भरोसा दिया

पूनावाला ने कहा कि यह और भी परेशान करने वाली बात थी कि जिस व्यक्ति ने उन्हें कार से टक्कर मारी, वह मौके से भाग गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने मुझसे संपर्क किया और मेरी मां की तबीयत के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, यह सुनिश्चित किया कि आरोपी को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

## बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन

# पर्यावरणप्रेमियों का विरोध, हाथ बांध सकते हैं हमारे जज्बे नहीं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन तीसरे दिन बुधवार को और अधिक तीव्र होता नजर आया। आंदोलन के तहत 363 से अधिक साधु-संत और पर्यावरणप्रेमी लगातार आमरण अनशन पर डटे हैं। देशभर से आए पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने बुधवार को एक अनोखा और भावनात्मक प्रदर्शन करते हुए आपस में हाथ बांधकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

#### खेजड़ी संरक्षण का संदेश दिया

धरनास्थल पर बड़ी संख्या में माताएं और बहनें भी मौजूद रहीं। कई लोग हाथों में तख्तियां लेकर खेजड़ी संरक्षण का संदेश देते नजर आए, वहीं एक पर्यावरणप्रेमी आंखों पर पट्टी बांधकर मौन विरोध किए। कलेक्ट्रेट के सामने खेजड़ी की पूजा की गई और मौन जुलूस निकालकर विरोध जताया गया। संत स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने आह्वान किया कि वे एक दिन का उपवास रखें।

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में की गई थी रेमो की पहली तैनाती

# खेल-खेल में बारूद की पहचान करना सीख रहे आईटीबीपी के डॉग्स

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वह सिर्फ तीन महीने का था जब उसे पहली बार 'वर्दी' वाले इंसानों के बीच लाया गया। न उसे सरहदों का पता था, न बारूद की गंध का, लेकिन आज वही 'रेमो' (कुत्ते का परिवर्तित नाम) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का वह जांबाज योद्धा है, जिसके लिए बारूद का पता लगा लेना महज एक खेल है। रेमो की कहानी सेना के उन सैकड़ों 'कॉम्बैट डॉग्स' की एक झलक है, जिन्हें खेल-खेल में मौत को मात देने का हुनर सिखाया जाता है। रेमो के हैंडलर ने बताया कि रेमो की पहली तैनाती छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में की गई थी।

#### संवेदनशील बम मिलने पर बैठ जाते हैं डॉग्स

अगर कुत्ता विस्फोटक देखकर भौंकने लगे, तो आवाज की तरंगों से कुछ संवेदनशील बम फट सकते हैं। इसलिए कुत्तों को सिखाया जाता है कि गंध मिलते ही वह चुपचाप वहां बैठ जाएं। उन्हें यह सिखाया जाता है कि वे बम से निर्धारित दूरी पर बैठें। उनके बैठने से हैंडलर को संकेत मिल जाता है कि वहां बम हो सकता है। जवान ने कहा कि कुत्ता इस दुनिया का सबसे वफादार प्राणी है।



#### कुत्ते का 'बिहेवियर टेस्ट'

बेसिक ट्रेनिंग के बाद कुत्ते का 'बिहेवियर टेस्ट' और क्षमता परीक्षण किया जाता है। इसी के आधार पर तय किया जाता है कि किस कुत्ते को विस्फोटक की पहचान, नशीले पदार्थों की पहचान, ट्रैकिंग (अपराधियों का पता लगाना) या गार्ड ड्यूटी के लिए तैयार किया जाएगा। एक कुत्ते को केवल एक ही तरह का विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है।

#### बेल्जियम मेलिनोइस नस्ल

आईटीबीपी में विस्फोटक की पहचान के लिए बेल्जियम मेलिनोइस नस्ल के कुत्तों को प्राथमिकता दी जाती है। जवान ने बताया, यह नस्ल बेहद फुर्तीली होती है और जल्दी थकती नहीं है, इसलिए कठिन परिस्थितियों और लंबे ऑपरेशन के लिए इन्हें उपयुक्त माना जाता है। पहले लैब्राडोर नस्ल के कुत्तों का भी इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन फील्ड ड्यूटी में बेल्जियम मेलिनोइस ज्यादा प्रभावी साबित हुए हैं। हालांकि, अब देशी नस्ल के कुत्तों को भी सेना में शामिल किया जा रहा है। जवान ने यह भी बताया कि अगर कोई कुत्ता उम्र या स्वास्थ्य संबंधी कारणों से ड्यूटी करने में असमर्थ नजर आता है तो चिकित्सीय परीक्षण के बाद उसे सेवानिवृत्त कर, कुत्तों के लिए समर्पित स्थान पर रखा जाता है जहां आईटीबीपी द्वारा इनकी देखभाल की जाती है।

## संक्षेप

### वृंदावन योजना में पार्किंग को लेकर पड़ोसियों में मारपीट, युवक समेत माता-पिता घायल

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र की वृंदावन योजना में बुधवार सुबह वाहन खड़ा करने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। घटना में एक युवक और उसके माता-पिता घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-2अ/18 वृन्दावन योजना निवासी सौरभ बहल पुत्र प्रवीण बहल के अनुसार, 4 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8 बजे उन्होंने अपनी कार घर के गेट के सामने खड़ी की थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले जयप्रकाश पाण्डे का पुत्र यश पाण्डे वाहन को हटाने/छेड़ने लगा। विरोध करने पर आरोप है कि यश पाण्डे और उसके पिता जयप्रकाश पाण्डे ने सौरभ को गिराकर मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। शोर सुनकर सौरभ के पिता बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि सौरभ की माता को धक्का देकर गिरा दिया गया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। पुलिस के अनुसार, तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### जालसाजों ने क्रेडिट कार्ड से उड़ाए 181996 रुपए

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे रहने वाले एक खाताधारक के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने दो बार मे 181996 रुपए पार कर दिया।आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ निवासी पंकज कुमार सिंह के अनुसार उनके क्रेडिट कार्ड से बीते 22 दिसंबर को अचानक दो ट्रांजेक्शन 102,998 रुपये और 78,998 रुपये के हो गए।जिसकी जानकारी उन्हें अगले दिन हुई जिसकी शिकायत साइबर सेल मे दर्ज करा स्थानीय आशियाना थाने मे पुलिस से की है। वही पीडित का कहना था ट्रांजेक्शन विवरण के अनुसार उक्त ट्रांजेक्शन वन प्लस टेक्नोलॉजी इंडिया के नाम से हुए हैं। पुलिस के अनुसार पीडित खाताधारक की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा मे मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

# देश के सामने विकल्प अब पूरी तरह स्पष्ट है राष्ट्र पहले, या अवैध वोट-बैंक पहले

**आस्था का लोकतंत्रीकरण — डॉ. राजेश्वर सिंह की रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बनी राष्ट्रव्यापी अनुकरणीय मॉडल**

**सरोजनीनगर से निकला आस्था का 53वां कारवां — ग्राम सभा बनी से रवाना हुई डॉ. राजेश्वर सिंह की रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। डॉ. राजेश्वर सिंह की रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बनी राष्ट्रव्यापी अनुकरणीय मॉडल बन चुकी है। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सेवा और श्रद्धा की सुदृढ़ परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आस्था का कारवां एक बार फिर आगे बढ़ा। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के द्वारा समग्र विकास के साथ जन-जन की आस्था के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, मंगलवार को ग्राम बनी के श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराने के लिए 53वीं निशुल्क रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा का संचालन किया गया। श्रद्धालुओं को अयोध्या में श्रीराम लला के भव्य मंदिर के साथ श्री हनुमानगढ़ी तथा प्रमुख मंदिरों के सुगम और व्यवस्थित दर्शन कराए गए। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक की टीम ने सभी श्रद्धालुओं को शाल और पटका पहनाकर सम्मानपूर्वक बसों में बैठाया। पूरे मार्ग में भोजन, जलपान, स्वास्थ्य सेवाएं और विश्राम की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई। कार्यकताओं ने सेवा को ही श्रद्धा का पर्याय मानते हुए पूरी यात्रा को एक आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित कर दिया। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद, श्रीरामचरितमानस एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

### तीन वर्षों से सतत जारी सेवा-परंपरा

डॉ. राजेश्वर सिंह की रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा बनी राष्ट्रव्यापी अनुकरणीय मॉडल—पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने निरंतर इतनी व्यापक धार्मिक-सेवा यात्राओं का संचालन किया। सरोजनीनगर के प्रत्येक नागरिक को प्रभु श्रीराम के पावन धाम के दर्शन कराने के संकल्प के साथ, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अपनी पूज्य माताश्री तारा सिंह की प्रेरणा से सितंबर 2022 से निरंतर संचालित यह रामरथ श्रवण अयोध्या यात्रा आज जनआस्था, विश्वास और निःस्वार्थ सेवा की सशक्त पहचान बन चुकी है। तीन वर्षों से अधिक समय से निरंतर जारी 53 निशुल्क यात्राओं के माध्यम से लगभग 8,000 ग्रामीणों, विशेषकर बुजुर्गों और मातृशक्ति, को अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है। डॉ. राजेश्वर सिंह का स्पष्ट मानना है कि यह पहल उन लोगों तक आस्था की यात्रा पहुंचाने का प्रयास है, जिनके लिए अयोध्या दर्शन अब तक केवल एक सपना था। यह ह्यरामरथ श्रवण यात्राह्न वरिष्ठ नागरिकों और मातृशक्ति के सम्मान का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। यह यात्रा सरोजनीनगर में सामाजिक सद्भाव, भक्ति और जनसेवा की नई दिशा स्थापित कर रही है तथा यह प्रमाणित करती है कि राजनीति केवल शासन का माध्यम नहीं, बल्कि जनकल्याण की साधना भी हो सकती है।

# किसान पथ हत्याकांड का खुलासा: साइकिल छूने के विवाद में मजदूर की ईंट से कूचकर हत्या, दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। किसान पथ के मुल्ला खेड़ा गांव के पास मिले 40 वर्षीय मजदूर संतराम के हत्याकांड का सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बुधवार को इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल स्प्लेंडर प्लस बाइक भी बरामद हुई है। दोनों आरोपितों ने पूछताछ में हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। मुल्ला खेड़ा गांव निवासी संतराम सोमवार शाम घर से निकले थे। मंगलवार सुबह उनका लहूलुहान शव किसान पथ के पास एक खाली प्लॉट में पड़ा मिला था। उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान थे और पास में खून से सनी ईंट भी पड़ी मिली थी। इस मामले में मृतक के छोटे भाई मस्तराम ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सिर कूचकर हत्या करने की तहरीर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दी थी। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण (एडीसीपी) वसंथ कुमार के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस टीम ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक संदिग्ध स्प्लेंडर प्लस बाइक दिखाई दी। पड़ताल में पता चला कि बाइक बुद्धूखेड़ा निवासी दीपक कुमार की है। शक के आधार पर पुलिस ने दीपक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने कटरा बक्कास गांव निवासी अपने साथी सुशील के साथ मिलकर हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपितों ने बताया कि दो फरवरी की रात वे दोनों बाइक से जा रहे थे, तभी रास्ते में संतराम की साइकिल उनकी बाइक से छू गई। इसी बात पर विवाद हुआ और गुस्से में आकर दोनों ने ईंट से हमला कर संतराम की हत्या कर दी। घटना के बाद दोनों मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर। सरोजनी नगर में बुधवार को तेज रफ्तार वैगन आर कार की टक्कर से स्कूटी सवार महिला अधिवक्ता बुरी तरह घायल हो गई। गंभीर हालत में उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया।लेकिन वहाँ उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वैगनआर कार का पता लगा रही है। पुलिस के मुताबिक सरोजनी नगर के जयराजपुरी कॉलोनी में रहने वाले ऋतुराज ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी चलाते हैं।, उनकी पत्नी स्मिता द्विवेदी (44) अधिवक्ता थी। स्मिता बुधवार सुबह करीब 10 बजे अपनी स्कूटी से ठाकुरगंज के नगरिया स्थित अपने मायके जा रही थी।, तभी कानपुर रोड पर एयरपोर्ट रनवे के सामने गिंदन खेड़ा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उनकी स्कूटी में ठोकर मार दी और वहां से अपनी गाड़ी सहित फरार हो गया। इस घटना में स्मिता गंभीर रूप से घायल होकर रोड पर गिर गई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे स्मिता के बच्चों को पूर्व में स्कूल ले जाने वाले ड्राइवर हंसराज ने उन्हें रोड पर पड़ा देख इलाज के लिए कमांड हॉस्पिटल पहुंचाया और इसकी सूचना ऋतुराज को दी।लेकिन स्मिता की हालत अधिक गंभीर होने के कारण कमांड हॉस्पिटल से उन्हें लोक बंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया।जहां उनकी मौत हो गई। मृतक के परिवार में उसके पति ऋतुराज के अलावा बेटी पीहू और बेटा विराट है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और सीसीटीवी कैमरों के सहारे घटना अंजाम देने वाले कार चालक का पता लगा रही है।

# कांग्रेस और समाजवादी पार्टी रकफ के मुद्दे पर राष्ट्रीय हित की जगह वोट बैंक की राजनीति कर रही है: डॉ राजेश्वर सिंह

**रकफ पर वोट-बैंक की राजनीति राष्ट्रहित से सीधा विश्वासघात है: डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। लोकतंत्र की जड़ों पर जब भी प्रहार होता है, तब-तब राष्ट्र को सच के साथ खड़े नेतृत्व की आवश्यकता होती है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा विशेष सघन पुनरीक्षण (रकफ) जैसे संवैधानिक विषय पर अपनाया गया रुख एक बार फिर उजागर करता है कि इन दलों के लिए राष्ट्रहित नहीं, बल्कि संकीर्ण वोट-बैंक की राजनीति सर्वोपरि है। बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मुद्दे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की चुप्पी—और कई मामलों में परोक्ष समर्थन—को किसी भी दृष्टि से अनजाने में की गई भूल नहीं कहा जा सकता। यह एक सोची-समझी रणनीति है, जिसका उद्देश्य अवैध घुसपैठियों को मतदाता में परिवर्तित कर सत्ता की राजनीति को साधना है। किसी भी संप्रभु, लोकतांत्रिक और आत्मसम्मान से भरे राष्ट्र के लिए यह रवैया पूरी तरह अस्वीकार्य और खतरनाक है। डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की पवित्र आधारशिला है, कोई राजनीतिक हथियार नहीं। विशेष सघन पुनरीक्षण (रकफ) एक संवैधानिक, आवश्यक और अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक और प्रमाणिक भारतीय नागरिक ही देश के भविष्य का निर्धारण करें—अवैध घुसपैठिये नहीं। प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह लोकतंत्र की इस पवित्र प्रक्रिया की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और जनसांख्यिकीय अखंडता जैसे गंभीर विषयों पर स्पष्ट और साहसिक रुख अपनाने के बजाय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी तुष्टिकरण की अंधी दौड़ में शामिल हैं। मजारों और दरगाहों पर राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई जाती है, लेकिन राम मंदिर—जो भारत की सभ्यतागत चेतना, लोकतांत्रिक संघर्ष और संवैधानिक समाधान का प्रतीक है—वहाँ न समय है, न सम्मान और न ही इच्छाशक्ति। यह धर्मनिरपेक्षता नहीं है। यह सुनियोजित, अवसरवादी और आपराधिक तुष्टिकरण है। अपनी बात को और आगे बढ़ाते हुए विधायक ने कहा कि आज देश को ऐसी राजनीति की आवश्यकता है जो राष्ट्रवाद, संविधान और राष्ट्रीय सुरक्षा के मूल्यों पर आधारित हो—न कि ऐसी राजनीति जो क्षणिक चुनावी लाभ के लिए लोकतंत्र की पवित्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय हित को गिरवी रख दे।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार मजदूर की मौत

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीती रात ड्यूटी से वापस लौट रहे एक मजदूर की स्कूटी में तेज रफ्तार वैगन आर कार ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के औरावां निवासी राममिलन के मुताबिक उनके चाचा रामचंद्र का बेटा ललित चौधरी (41) सरोजनी नगर के जयराज पूरी कॉलोनी में पत्नी पूजा के साथ रहकर अमौसी औद्योगिक क्षेत्र (नादरगंज) स्थित गोमती ब्रेड कंपनी में नौकरी करता था। मंगलवार रात करीब 11 बजे वह ड्यूटी से छुट्टी होने के बाद स्कूटी से वापस घर लौट रहा था। तभी अमौसी औद्योगिक क्षेत्र में बद्री नगर पुलिया से आगे पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया,, जहां चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। लेकिन ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही ललित ने दम तोड़ दी।



उधर घटना के बाद कार चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वैगन आर कार को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। राम मिलन ने बताया कि ललित को बुधवार को अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने काकोरी के मौंदा गाँव जाना था। लेकिन रात में अचानक यह घटना हो गई।

# तेज रफ्तार गाडी की टक्कर से काशीराम ग्रीन ईको गार्डेन माली चोटिल,

**इलाज दौरान हुई ट्रामा मे मौत**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके मे बीते रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार गाडी की टक्कर से चोटिल काशीराम ग्रीन ईको गार्डेन माली की इलाज दौरान ट्रामा मे अगले दिन सोमवार को मृत्यु हो गई।वही स्थानीय आलमबाग पुलिस ने मृतक की पत्नी शिकायत पर आरोपित गाडी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है मूल रूप से ग्राम वाँसेडीला पोस्ट श्री दत्त गंज थाना बलरामपुर जनपद बलरामपुर निवासी कृष्णावती पत्नी राम सूरत यादव ने बताया उसके पति राम सूरत यादव (47) आलमबाग इलाके स्थित काशीराम ग्रीन ईको गार्डेन लखनऊ में माली के पद पर कार्यरत थे बीते 1 फरवरी को समय लगभग डेढ बजे दोपहर वह सब्जी लेने जा रहे थे।आरोप है कि इको गार्डेन के पास प्रशासनिक भवन के सामने जैसे पहुचे पीछे से आ रही गाडी संख्या यूपी 34 बीजेड 5473 ने उनके पति रामसूरत यादव को जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसके पति गिरकर चोटिल हो गए और उनके सिर में गम्भीर चोटे आ गयी। जिसकी जानकारी राहगीरो ने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर दी। जिन्हे सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिये नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहाँ से उसके पति की हालत नाजुक देख डाक्टरों ने ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया जहाँ पर उपचार के उनकी सोमवार रात्रि 10 बजे मृत्यु हो गयी। जिनका अंतिम संस्कार करने के बाद उसने स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से गाडी नम्बर के आधार पर शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतक की पत्नी की शिकायत पर मंगलवार को केस दर्ज कर आरोपित गाडी चालक की तलाश की जा रही है।

# मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**एल्डिको, पीजीआई में साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबरों की दी विस्तृत जानकारी**

अमन लेखनी समाचार



पीजीआई। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बुधवार को थाना पीजीआई की पिंक बूथ 59 टीम ने एल्डिको, पीजीआई क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान करीब 20-25 महिलाओं और बच्चों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, हेल्पलाइन सेवाओं और महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन महिला हेड कांस्टेबल मुन्नी चतुवेर्दी और महिला कांस्टेबल चंदा भारती ने किया। टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आपात स्थिति में उपलब्ध सरकारी सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 112 (आपात सेवा), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 101 (फायर), 102/108 (एम्बुलेंस) जैसे महत्वपूर्ण नंबरों की उपयोगिता समझाई। बच्चों को ह्यगुड टच-बैड टचह्न की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क रहने के उपाय बताए गए। महिलाओं को सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और इंटरनेट उपयोग के दौरान सावधानी बरतने, साइबर बुलिंग की पहचान, डेटा गोपनीयता, डिजिटल फुटप्रिंट और ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके समझाए गए। पुलिस टीम ने थाना पीजीआई में संचालित महिला सुरक्षा केंद्र और महिला हेल्प डेस्क की भूमिका से भी अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए, ताकि महिलाएं भविष्य में इन जानकारियों का उपयोग कर सकें।

# भाकियू ने कार्यालय पर बैठक कर कम्बल वितरित किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज।भीषण ठंडक को दृष्टिगत रखते हुए हरदोइया बाजार स्थित भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यालय पर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के प्रदेश प्रमुख महासचिव देवेंद्र पासी उर्फ बब्लू एवं लखनऊ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने कार्यकताओं एवं गरीब किसानों को कम्बल वितरित किया। इस मौके पर धर्मेंद्र वर्मा ने कहा कि किसान गर्मी, जाड़ा और बरसात झेल कर और कड़ी मेहनत कर सभी की भूख मिटाने का काम करता है, किन्तु किसानों को जानकारी के अभाव में सरकारी सुविधाएं नहीं मिल पाती है। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति किसानों को जागरूक करने एवं उनका वाजिब हक दिलाने का काम करता है। जिला प्रभारी रामपाल रावत पूर्व प्रधान एवं जिला प्रमुख महासचिव हरिश्चंद्र वर्मा ने कहा कि किसान अन्नदाता ही नहीं है, अपितु विकास की धूरी है। जिला संरक्षक रज्जन लाल वर्मा ने अपनी बात रखते किसानों को सचेत किया कि वह अपने कार्यकर्ता व पदाधिकारी में एक होकर रहें और संगठन को उजाले की ओर ले चले जिससे प्रत्येक कृषकों की समस्याओं क डटकर सामना कर सकें बैठक के बाद ठंडक को देखते हुए प्रदेश प्रमुख महासचिव देवेंद्र पासी उर्फ बब्लू एवं जिला अध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र वर्मा ने सैकड़ों कार्यकताओं एवं गरीब किसानों को कम्बल वितरित किया। साथ ही आगामी 17 फरवरी 2026 को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की लखनऊ में आयोजित होने वाली महापंचायत में कार्यकताओं एवं किसानों से भाग लेने की अपील की। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संरक्षक रज्जन लाल वर्मा जिला कोषाध्यक्ष रमाशंकर, सहित सैकड़ों अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# भाकियू लोकतांत्रिक का हुआ संगठन विस्तार, सैकड़ों ने ली सदस्यता

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक संगठन का बुधवार को बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ। संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर उजेर अहमद, जीशान खान सहित सैकड़ों की संख्या में किसान साथियों, युवाओं एवं माताओं-बहनों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार को उजेर अहमद व जीशान खान अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय माल पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान से मुलाकात कर संगठन से जुड़ने की इच्छा जताई। इस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी किसान साथियों, युवाओं और महिलाओं को संगठन की सदस्यता दिलाई। उजेर अहमद की संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए उन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं जिलाध्यक्ष अतुल कुमार ने संगठन का विस्तार करते हुए जीशान खान को अहम जिम्मेदारी दी। इसके साथ ही तौकीर अहमद को जिला सचिव, मलिक शेख को युवा मोर्चा तहसील सचिव तथा ब्लॉक स्तर पर युवा मोर्चा ब्लॉक सचिव के पद पर नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान संगठन के नियमों, उद्देश्यों एवं किसान हितों से जुड़े मुद्दों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर मलिहाबाद तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिवम सिंह, सुभाष रावत, संतोष तिवारी, नंदू, अनूप तिवारी सहित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिना टायर रिम पर दौड़ रही डीसीएम बनी शक की वजह

**संदिग्ध चावल से लदी गाड़ी पकड़ी, नमूने जांच को भेजे गए**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ से हरदोई की ओर जा रही एक डीसीएम उस वक्त पुलिस के शक के घेरे में आ गई, जब वह बिना टायर के केवल रिम पर दौड़ती नजर आई। अजीब हालात में चल रही गाड़ी को रहीमाबाद पुलिस ने पीछा कर रोक लिया। जांच के दौरान डीसीएम में लदा चावल संदिग्ध प्रतीत हुआ, जिसके बाद खाद्य विभाग को मौके पर बुलाया गया।

पुलिस के अनुसार बुधवार दोपहर लखनऊ-हरदोई मार्ग पर एक डीसीएम असामान्य स्थिति में गुजर रही थी। गाड़ी के पहियों में टायर न होकर केवल रिम होने से पुलिस को संदेह हुआ। रहीमाबाद के पास गाड़ी को रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें भरा चावल गुणवत्ता को लेकर संदिग्ध पाया गया।

सूचना पर खाद्य निरीक्षक आलोक सिंह मौके पर पहुंचे और चावल के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। वहीं पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया है।

इस संबंध में इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि चावल नकली है या किसी सरकारी अथवा निजी ब्रांड के नाम पर हेराफेरी की गई है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नाबालिग की फोटो-वीडियो एडिट कर ब्लैकमेल: 35 हजार वसूले, तेजाब व गोली मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। सोशल मीडिया के जरिए एक नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि छात्रा की फोटो और वीडियो एडिट कर उन्हें वायरल करने की धमकी दी गई और डराकर उससे 35 हजार रुपये वसूल लिए गए। पीजीआई थाना क्षेत्र निवासी पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी बेटी को अक्षय प्रताप सिंह नामक युवक, जो तेलीबाग के बलदेव विहार का रहने वाला है, कई दिनों से धमका रहा है। आरोपी ने छात्रा की फोटो और वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दी और पैसे मांगे। पीड़ित परिवार का कहना है कि डर के माहौल में अब तक आरोपी को करीब 35 हजार रुपये दे दिए गए, लेकिन इसके बाद भी वह लगातार और पैसे मांग रहा है। व्हाट्सएप चैट और कॉल के जरिए आरोपी ने धमकी दी कि पैसे नहीं दिए तो वह अश्लील सामग्री वायरल कर देगा, तेजाब डाल देगा और परिवार को गोली मार देगा। परिवार ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के माता-पिता भी छात्रा को धमका रहे हैं। प्रार्थी ने पुलिस को व्हाट्सएप चैट और कॉल रिकॉर्डिंग जैसे सबूत भी दिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंद मकान का ताला तोड़ नकदी, ज्वैलरी चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना इलाके मे घूम रहे चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड हजारों की नकदी सहित कीमती ज्वैलरी चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए।रुचिखण्ड-1 शारदा नगर आशियाना निवासी किरन वर्मा पत्नी स्व महेश वर्मा ने बताया बीते 23 जनवरी को वह घर मे ताला लगा पूरे परिवार संग वैष्णो देवी दर्शन के लिए गई थी। जिस कारण घर पर कोई नही था। अगले दिन 24 की सुबह कालोनी के एक व्यक्ति से फोन के माध्यम से घर का ताला टूटा हुआ होने की जानकारी दे उनके कहने पर पुलिस को पडोसी ने कन्ट्रोल नम्बर पर जानकारी दी। वही पीडिता का कहना था 29 जनवरी को लखनऊ वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके घर का सारा सामान बिखरा पडा था और अलमारी का लकर भी टूटा हुआ था। जिसमे रखे 35 नकद, एक सोने की चैन, 4 पायल सहित टी0वी0 का सेट टाप बाक्स व एक घर के बर्तन चोरी जा चुके थे।

## संक्षेप

### टोल टैक्स बचाने के चक्कर में चालक वैकल्पिक मार्ग से निकालते ओवरलोड वाहन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊझकानपुर हाईवे पर नवाबगंज स्थित टोल टैक्स से बचने के लिए रोजाना सैकड़ों की संख्या में गिट्टी, मौरंग और डस्ट से लदे ओवरलोड ट्रक व डंपर वैकल्पिक मार्गों से गुजर रहे हैं। ये भारी वाहन अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बाजार रोड से होते हुए और नवाबगंजझलखनापुर मार्ग के रास्ते अजगैनझमोहान मार्ग पर तेज रफ्तार में दौड़ते नजर आते हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि टोल टैक्स बचाने के चक्कर में चालक इन संकरे ग्रामीण मार्गों को हाईवे की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे आमजन की जान खतरे में पड़ गई है। ओवरलोड वाहनों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण मकूर, लखनापुर मोड़, नवई नाले के पास कई दर्दनाक हादसे हो चुके हैं, जिनमें अनेक लोगों की जान जा चुकी है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की ओर से कार्यवाही के नाम पर केवल खानापूर्ति की जाती है। कभी-कभार चेकिंग अभियान चलाकर कुछ वाहनों को रोका जाता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है। इसके चलते ओवरलोड वाहनों का आवागमन बेरोकटोक जारी है।क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन मार्गों पर नियमित निगरानी, ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई और भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि आए दिन हो रहे हादसों पर रोक लग सके।

### बिजली की समस्या से स्कूली बच्चों का भविष्य हो रहा बेकार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेश शासन कस्बों ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत गरीब व अमीरों को फ्री कनेक्शन देकर राशन कार्ड से मिलने वाला मिट्टी का तेल को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है कस्बों ग्रामीण के लोग दो तरीके से मार झेल रहे एक तरफ उनको राशन कार्ड में मिलने वाला मिट्टी तेल बंद कर दिया गया वहीं दूसरी तरफ फ्री विद्युत कनेक्शन में प्रति माह विद्युत विभाग को रुपया भी देना पड़ रहा है दूसरी तरफ देर शाम होते ही बिजली नहीं आने से अधेरा रहता है अधिकतर ग्रामीण क्षेत्र के घरों में सौर ऊर्जा व इनवर्टर ना होने के कारण शाम होते ही घरों में अंधेरा छा जाता है स्कूली बच्चे बूढ़े बुजुर्ग खाना बनाना व भोजन करने का समय आता है उसे समय विद्युत विभाग की लापरवाही वअनियमित के कारण लगातार प्रतिदिन बिजली नहीं आती है जिससे लोगों को भारी समस्याएं हैं उधर बच्चों का भविष्य भी लगातार बर्बाद हो रहा है उत्तर प्रदेश शासन हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं की तिथि फरवरी में घोषित है दूसरी तरफ लोगों के घरों में सौर ऊर्जा एवं मिट्टी का तेल उपलब्ध न होने के कारण लाइट व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों का भविष्य भी चौपट हो रहा है।

# अवैध कब्जा पर चला प्रशासन का बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। नगर पालिका क्षेत्र के गदनखेड़ा गांव में सरकारी ऊसर भूमि पर अवैध कब्जे का प्रयास प्रशासन ने विफल कर दिया है। त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक टीम ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया और अवैध निर्माण तथा रास्ता बनाने की कोशिश को रोक दिया।इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है।गदनखेड़ा गांव में गाटा संख्या 928 राजस्व अभिलेखों में ऊसर भूमि के रूप में दर्ज है, जो पूर्णतः सरकारी संपत्ति है। आरोप है कि सुनीता सोनकर और उनके पुत्र इस भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने अपने मकान की पिछली दीवार में अनाधिकृत रूप से एक दरवाजा खोल दिया था, जिसका उद्देश्य सरकारी भूमि को निजी उपयोग में लेना था। मामले की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने राजस्व विभाग, पुलिस और नगर पालिका की एक संयुक्त टीम को मौके पर भेजा।प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे की पुष्टि की और बिना किसी देरी के सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया। इसके साथ ही, घर की पिछली दीवार में अवैध रूप से खोले गए ।दरवाजे को भी तत्काल बंद करवा दिया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसी भूमियां आम जनता और सरकारी उपयोग के लिए सुरक्षित होती हैं और इन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी कोशिश न करने की चेतावनी भी दी।इस कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, राजस्व निरीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, क्षेत्रीय लेखपाल हिमांशु साहू, लेखपाल चंदन गुप्ता और उपेंद्र शुक्ला सहित पुलिस बल और नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद थे। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन का कहना है कि नगर पालिका क्षेत्र सहित पूरे जनपद में सरकारी भूमि की नियमित निगरानी की जा रही है।जहां भी अवैध कब्जे या अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

# कैम्प में दिवंगत पिच क्यूरेटर को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार




मौरावां, उन्नाव। नगर पंचायत में चल रहे क्रिकेट कैम्प में दिवंगत पिच क्यूरेटर शिव कुमार को डीसीए संयुक्त सचिव राजेश कुमार व खिलाड़ियों द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।जानकारी के अनुसार मौरावां के मेला मैदान पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से संबद्ध व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन उन्नाव के तत्वाधान में डीसीए संयुक्त सचिव राजेश कुमार के संयोजन में 7 दिवसीय क्रिकेट कैम्प का आयोजन कराया जा रहा है। जिसमे आज यूपीसीए के दिवंगत पिच क्यूरेटर शिव कुमार के चित्र पर राजेश कुमार व सभी खिलाड़ियों ने पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख कर उनको नम आंखों से श्रंद्धाजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

राजेश कुमार ने कहा कि शिव कुमार जी धनी व्यक्तित्व के व्यक्ति थे। उनका सरल स्वभाव उन्हें सबका प्रिय बनाता था। उन्होंने कहा कि शिव कुमार जी का असमय जाना अत्यंत कष्टकारी है। बताते चले कि पिछले दिनों शिव कुमार ने मौरावां नगर पंचायत में दो मैदानों का निरीक्षण किया था व जल्द ही यहां मैदान तैयार करने की बात कही थी।जिनका कल 3 फरवरी को ग्रीन पार्क स्टेडियम कानपुर में पिच पर काम करते समय दिल का दौड़ा पड़ने से निधन हो गया।श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में खिलाडी आयुष, अनिरुद्ध, वीरू, अनुराग, शिवा, फहद, मयंक, विमल, गोविंद, सुशील, सुरेंद्र, हिमांशु, देवेश आदि रहें।

# खेत से मिट्टी निकालने पर टोका तो की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।माखी थाना क्षेत्र के मइया गांव निवासी अमित कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान गांव निवासी अजित सिंह, वीरपाल सिंह, व लक्ष्मी खेत मे जेसीबी मशीन से मिट्टी निकाल रहे थे जिससे फसल का नुकसान हो रहा था जब खेत से मिट्टी निकालने का विरोध किया तो गाली गलौज करने लगे बिरोध किया तो मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी वही दूसरे पक्ष से अजित सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव मे जिला पंचायत द्वारा सड़क निर्माण कार्य हो रहा था वही खड़ा था तभी गांव निवासी अमित, सतीश, श्री पाल व कुछ अज्ञात लोगों ने हाथ में तमंचा व चाकू लेकर दरवाजे पर आकर गाली-गलौज कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी इस सम्बंध में थाना



प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट की घटना में पीडितों की तहरीर पर एक महिला सहित छह नामित व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# पेट्रोलियम का भंडार के संकेत मिलने पर खुदाई का कार्य चालू

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र में पेट्रोलियम का भंडार के संकेत मिलने पर खुदाई का काम किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि तहसील क्षेत्र के कई गांवों में जमीन के अंदर पेट्रोलियम का भंडार की आशंका व्यक्त की गई है. ओएनजीसी की टीम ने यहां डेरा जमा कर खुदाई का काम कर रही है।

ओएनजीसी की टीम तहसील क्षेत्र चैनपुर,मूरतपुर ,खरगवन खेडा सहित अन्य गाँवो में किसानों से अनुमति लेकर पेट्रोलियम पदार्थ की खोज कर रही है। जानकारों के अनुसार डीजल,पेट्रोल और गैस का बड़ा गैस स्त्रोत मिलने से जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश की भी तस्वीर बदल सकती है. साथ ही देश की ऊर्जा क्षमता को भी बढ़ावा मिलेगा. डठॠउ की टीम ड्रिलिंग करने में जुटी है. स्थानीय लोगों ने बताया कि ओएनजीसी की टीम इलाके में सर्वे कर रही है। ड्रिलिंग का कार्य देख रहे सुपरवाइजर सत्यजीत दास ने बताया प्राकृतिक भंडार का पता लगाने के लिए लंबवत दिशा में एक साथ 12 किसानों के खेत मे ड्रिलिंग का कार्य कराया जा रहा है।100 फुट की गहराई के उपरान्त डायनामाइट से विस्फोट कर 1000 फुट की गहराई के तल तक संभावित स्थिति का पता लगाया जाता है। किसानों के खेत मे हुए नुकसान का मुआवजा भी दिया जाता है।स्त्रोत मिलते ही कंपनी अपना प्लांट स्थापित कर देश मे उर्जा उपलब्धता की क्षमता को बढ़ाएगी।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है।आसीवन थाना क्षेत्र के कादिरपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार (35) पुत्र स्व. सजीवन लाल मंगलवार को अपने निजी कार्य से कानपुर गए थे। देर रात वह कानपुर से घर लौट रहे थे।माखी थाना क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्थित थाना गांव के पास सर्वेश सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल सर्वेश कुमार को रात करीब साढ़े बारह बजे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। सीएचसी में डॉ. डी. नाथ उनका उपचार कर रहे हैं।




# आधुनिकता की चकाचौंध में दम तोड़ती कुम्हारों की कला

अमन लेखनी समाचार /राजू श्रीवास्तव



उन्नाव।कभी गांव की सुबह चाक की चरमराहट और गीली मिट्टी की सोंधी खुशबू के साथ शुरू होती थी। हाथ की कलाकारी और चाक की गति जब मिलती थी, तो मिट्टी के बेजान ढेले सुंदर घड़ों, दीयों और सुराहियों में बदल जाते थे। लेकिन आज, यह प्राचीन कला और इसे जीवित रखने वाले कुम्हार (प्रजापति समुदाय) अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं।

?बाजार में प्लास्टिक की बोतलों, चाइनीज लाइटों और स्टील के बर्तनों की भरमार ने मिट्टी के बर्तनों की मांग को लगभग खत्म कर दिया है।फ्रिज के आने से अब मिट्टी के घड़ों का पानी अपनी शीतलता खो चुका है। दीपावली जैसे बड़े त्योहारों पर भी अब पारंपरिक दीयों की जगह बिजली की लड़ियों ने ले ली है। ?कुम्हारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती कच्ची मिट्टी की उपलब्धता है। शहरीकरण के कारण तालाब भरे जा रहे हैं और जमीनें कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो रही हैं।जो मिट्टी पहले मुफ्त या कम दाम पर मिल जाती थी, उसके लिए अब मोटी रकम चुकानी पड़ती है। साथ ही, बर्तनों को पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली लकड़ी और ईंधन के दाम भी आसमान छू रहे हैं। ?कड़ी मेहनत और कम मुनाफे के कारण कुम्हारों की नई पीढ़ी इस पुश्तैनी काम को छोड़ने को मजबूर है।एक बुजुर्ग कहते हैं, ₹दिन भर चाक चलाने के बाद भी इतनी कमाई नहीं होती कि परिवार का पेट भर सके।मेरा बेटा अब शहर में मजदूरी करता है क्योंकि उसे इस कला में कोई भविष्य नहीं दिखता।₹ ?जानकारों का मानना है कि मिट्टी के बर्तनों में खाना पकाना और पानी पीना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। मिट्टी के बर्तन भोजन के एसिडिक तत्व को संतुलित करते हैं और पोषक तत्वों को सुरक्षित रखते हैं।पर्यावरण की दृष्टि से भी ये पूरी तरह से इको-फ्रेंडली हैं।

इस मरती हुई कला को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार और समाज दोनों को आगे आना होगा। कुम्हारों को कम ब्याज पर ऋण और आधुनिक इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध कराना।मेलों और प्रदर्शनी के माध्यम से इन कलाकारों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना। टेराकोटा और सजावटी बर्तनों के रूप में इस कला को आधुनिक घरों का हिस्सा बनाना। मिट्टी की यह कला केवल एक पेशा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है।यदि हमने समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाली पीढ़ियां 'चाक' और 'मिट्टी के बर्तन' केवल संग्रहालयों में ही देख पाएंगी।

# अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर




लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। आसीवन थाना क्षेत्र के कादिरपुर गांव निवासी सर्वेश कुमार (35) पुत्र स्व. सजीवन लाल मंगलवार को अपने निजी कार्य से कानपुर गए थे। देर रात वह कानपुर से घर लौट रहे थे। माखी थाना क्षेत्र में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्थित थाना गांव के पास सर्वेश सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल सर्वेश कुमार को रात करीब साढ़े बारह बजे मियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। सीएचसी में डॉ. डी. नाथ उनका उपचार कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो सगे भाई घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बाइक सवार युवकों को अनियंत्रित वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को सौ बेड शैय्या रिफर कर दिया गया है।थाना क्षेत्र के गाँव गढ़ी में अपने बहनोई राकेश के घर हो रहे मांगलिक कार्यक्रम शामिल होने जा रहे गौतमन खेडा थाना सेमरी जिला रायबरेली के सगे भाई दिनेश व राकेश पुत्र पुत्तीलाल बाइक से जा रहे थे। बिहार थाने के समीप ही उनकी बाइक को अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनो ही गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस की मदद से उन्हें सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा दिनेश की हालत गंभीर देख सौ बेड शैय्या बीघापुर रिफर कर दिया गया जबकि राकेश का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया। बाइक सवार हेलमेट नही लगाए था। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कार सवार कार सहित भागने में सफल रहा। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार सवार का पता लगाया जा रहा।

### सोने चांदी के जेवरात समेत किशोरी हुई लापता

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि वह मंगलवार काम से कुरसठ कस्बा गयी थी इसी बीच घर पर पंद्रह साल की नाबालिक पोती थी जोकि मौका पाकर छोटी बहू के सोने चांदी के आभूषण और बैंक की पास बुक लेकर निकल गयी जानकारी होने पर उसने पीछा किया तो कुरसठ नंगा खेडा सम्पर्क मार्ग पर पहले से खडी सीएनजी गाड़ी में बैठ कर किसी के साथ रफूचक्कर हो गयी इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पीडिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# भीषण सड़क हादसाः अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। औरास-मियागंज मार्ग पर औरास क्षेत्र के सिधूर तिराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। सड़क पर पड़े शवों को देख राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सीएचसी औरास पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। बाइक नंबर के आधार पर पुलिस ने शवों की पहचान कर स्वजन को जानकारी दी। दोनों युवक एक तिलक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। हेलमेट न लगा होने से दोनों के सिर फटने से मौत की बात सामने आई है।ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर लगने की चर्चा है। बेहटा मुजावर क्षेत्र के पोपीखेड़ा गांव निवासी नैमिष पाल (35) बुधवार रात करीब आठ बजे पड़ोस के गांव महमदखेड़ा निवासी 34 वर्षीय सचिन पाल के साथ बाइक से रिश्तेदार के तिलक समारोह में शामिल होने सफीपुर के लुधौसी गांव जा रहे थे।औरास-मियागंज मार्ग पर औरास के ही सिधूर गांव के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद एक मजदूर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा टक्कर मारने का अंदेशा जताया है। हेलमेट न लगा होने से दोनों के सिर बुरी तरह से फट गए।औरास एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि बाइक नंबर के आधार पर शवों की पहचान कर स्वजन को जानकारी दी गई है। किस वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, इसका पता लगाने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीछे से ट्रक में घुसी बस सभी सवार बचे बाल बाल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से भिड़ गई। हालांकि बस सवार सभी बाल बाल बच गए। घटना के बाद यूपीडा टीम द्वारा रेस्क्यू कर आवागमन बहाल कराया गया।फिरोजाबाद जनपद के टूंडला क्षेत्र के जरौली कला निवासी बस चालक दिगंबर सिंह स्लीपर बस में लगभग 40 सवारियां लेकर दिल्ली से बलिया जा रहा था तभी बुधवार तड़के 4:30 बजे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बेहटा मुजावर क्षेत्र के जोगीकोट गांव के पास बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में भिड़ गई। हालांकि रफ्तार अधिक न होने से सभी सवारियां सुरक्षित रही। सूचना पर मौके पर पहुंची यूपीडा की टीम ने बस को किनारे कराया। बेहटा मुजावर एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि बस टकरा गई थी कोई घायल नहीं हुआ है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मां व उसके बेटे पर किया जानलेवा हमला

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र स्थित मंशाखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला और उसके बेटे पर हमला किया गया। इस मारपीट में महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़िता की शिकायत पर गंगाघाट पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंशाखेड़ा निवासी दीदी पत्नी मैकू ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थीं। उसी दौरान पड़ोस में रहने वाले मन्टानी, रोहित, छोटू (पुत्रगण गयाप्रसाद) और गया (पुत्र हरिलाल) पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करने लगे।जब दीदी ने इसका विरोध किया और उन्हें गाली देने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। आरोप है कि इसके बाद चारों आरोपियों ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से दीदी पर हमला कर दिया।शोर सुनकर दीदी को बचाने के लिए उनका बेटा जीतू मौके पर पहुंचा। आरोपियों ने जीतू के साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इस हमले में दीदी और जीतू दोनों को गंभीर चोटें आईं। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि मारपीट के बाद वह मौके पर ही बेहोश हो गई थीं, जिन्हें परिजनों और ग्रामीणों की मदद से होश में लाया गया। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला व उनके बेटे को उपचार के लिए भेजा।पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, हालांकि स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# डीएम के निर्देश पर विकास कार्यों की जांच शुरू

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर बुधवार को गंगाघाट नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे कार्यों की शिकायतों की जांच शुरू की गई। एसडीएम न्यायिक रामदेव निषाद और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) सुबोध कुमार ने संयुक्त रूप से गंगाघाट पहुंचकर मौके पर निरीक्षण किया। एसडीएम न्यायिक रामदेव निषाद ने बताया कि नगर पालिका गंगाघाट से संबंधित कई शिकायतें मिली थीं। इनमें निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता और आउटसोर्सिंग कर्मियों की भर्ती से जुड़ी आपत्तियां शामिल हैं। इन सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आउटसोर्सिंग कर्मियों की भर्ती से संबंधित शिकायतों की जांच के लिए एक अलग टीम गठित की जाएगी। यह टीम पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने थाने गेट से लेकर सेल्फी प्वाइंट तक तीन अलग-अलग स्थानों पर इंटरलॉकिंग सड़क को खुदवाकर गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने निर्माण में प्रयुक्त सामग्री, मोटाई और मानकों का अवलोकन किया। यह इंटरलॉकिंग कार्य 110 मीटर लंबाई में 11.73 लाख रुपये की लागत से कराया गया था।

इसके अतिरिक्त, अधिकारियों ने नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां साफ-सफाई, रखरखाव और संचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की पड़ताल की। संबंधित कर्मचारियों से जानकारी लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए गए।एसडीएम न्यायिक रामदेव निषाद ने बताया कि मौके पर की गई जांच और दस्तावेजों के परीक्षण के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच होगी और अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान शिकायतकर्ता राजेंद्र गुप्ता और राजीव शुक्ला भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने अपनी शिकायतों से जुड़े बिंदुओं को अधिकारियों के सामने प्रस्तुत किया। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई।

## सम्पादकीय

# आम बजट में भविष्य की तस्वीर दिखाई

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया आम बजट 2026 एक ऐसा आर्थिक दस्तावेज़ है, जो भारत को आने वाले वर्षों के लिए तैयार करने की स्पष्ट मंशा दिखाता है। यह बजट विकासोन्मुखी,दीर्घकालिक सोच, रणनीतिक मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के प्रति सजगता का परिचायक है, लेकिन साथ ही यह आम आदमी की तात्कालिक अपेक्षाओं पर खरा उतरने में कमजोर भी नजर आता है। कहा जा सकता है कि यह बजट "कल" की तैयारी करता है, पर "आज" की परेशानियों को पूरी तरह संबोधित नहीं करता। वित्त मंत्री ने 85 मिनट के लंबे भाषण में अर्थव्यवस्था, भू-राजनीति, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर विस्तार से बात की, लेकिन इनकम टैक्स स्लैब में किसी भी तरह का बदलाव न होना यह संकेत देता है कि सरकार फिलहाल वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक निवेश को प्राथमिकता दे रही है। टैक्स फाइलिंग को आसान बनाने जैसे सुधार स्वागत योग्य हैं, मगर बढ़ती महंगाई के दौर में आम करदाता को इससे सीमित ही राहत मिलेगी। बजट का सबसे मजबूत पक्ष रक्षा क्षेत्र है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पेश हुए पहले बजट में सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। रक्षा बजट को 6.81 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ रुपये करना और आधुनिकीकरण व हथियार खरीद पर पूंजीगत खर्च में करीब 15% की बढ़ोतरी यह दिखाती है कि सरकार सेना को तकनीकी और रणनीतिक रूप से और सक्षम बनाना चाहती है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अहम है, हालांकि सामाजिक क्षेत्रों में इसी अनुपात में खर्च न बढ़ना सवाल भी खड़े करता है। अर्थव्यवस्था को बाहरी दबावों से बचाने के प्रयास बजट में साफ झलकते हैं। वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, ट्रंप-युग की टैरिफ मानसिकता और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में तनाव के बीच निर्यात प्रोत्साहन पर जोर दिया है। कपड़ा, चमड़ा, फिशरीज और दालों के निर्यात को बढ़ावा देने के कदम ग्रामीण और अर्ध-शहरी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक साबित हो सकते हैं। इससे रोजगार सृजन की संभावनाएं भी बनेंगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में नए अस्पतालों की घोषणा, दवाओं को सस्ता करने की पहल और 17 कैंसर मेडिसिन को ड्यूटी फ्री करना आमजन के लिए महत्वपूर्ण कदम हैं। आयुर्वेदिक एम्स जैसी घोषणाएं भारत की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक ढांचे से जोड़ने की कोशिश मानी जा सकती हैं। शिक्षा और युवाओं पर केंद्रित योजनाएं बजट का एक और उल्लेखनीय पहलू हैं। 15,000 सेकेंडरी स्कूलों और 500 कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब्स बनाने की योजना डिजिटल इंडिया और क्रिएटर इकोनॉमी की दिशा में कदम है। साथ ही करीब 800 जिलों में लड़कियों के लिए हॉस्टल बनाने की घोषणा सामाजिक समावेशन और महिला शिक्षा को बढ़ावा दे सकती है। राजनीतिक दृष्टि से देखें तो बजट चुनावी लोकलुभावन घोषणाओं से दूर नजर आता है। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी जैसे राज्यों में होने वाले चुनावों के बावजूद किसी सीधे चुनावी लाभ वाली घोषणा का अभाव बताता है कि सरकार फिलहाल दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही है। कुल मिलाकर आम बजट 2026 एक विज़न डॉक्यूमेंट है जो भविष्य की तस्वीर दिखाता है। यह बजट लोगों को संतुष्ट कर सकता है जो मजबूत रक्षा, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और दीर्घकालिक विकास को प्राथमिकता देते हैं।



विश्लेषण
डॉ.जयंतीलाल भंडारी

# विकसित भारत के लिए सुधारों का बजट

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। यद्यपि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया है और आयकर भरना आसान किया गया है। इस बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।**

यकीनन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट की तस्वीर में यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि यह बजट आम आदमी के लिए राहत और विकसित भारत के लिए साहसिक सुधारों को आगे बढ़ाने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में वित्त मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रस्तुत सुधारों की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए तीन कर्तव्यों पर आधारित किया है। इनमें उत्पादकता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ना, लोगों की आशंकाओं को पूरा करने के लिए क्षमता निर्माण और सबका साथ, सबके विकास के मद्देनजर ढांचागत सुधार के साथ प्रगति करना शामिल है।

इस बजट में रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय 12.2 लाख करोड़ रुपये सुनिश्चित किए गए हैं। यद्यपि बजट के तहत इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है, लेकिन एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू किया जाना सुनिश्चित करके आयकर संबंधी प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और आयकर भरना आसान किया गया है। बजट के नए प्रावधानों से बुनियादी ढांचा, छोटे शहर, एमएसएमई, शिक्षा, पर्यटन और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में नई पीढ़ी के लिए रोजगार के व्यापक मौके बढ़ेंगे। खास बात यह भी है कि आगामी वर्ष के बजट के तहत वित्त मंत्री राहत और विकास के बीच सूझबूझ पूर्ण संतुलन बनाते हुए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 फीसदी के स्तर पर सीमित रखने और सात फीसदी से अधिक विकास दर पाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं। गौरतलब है कि नए बजट के तहत वित्त मंत्री ने वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, भू राजनीतिक तनाव और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में धीमेपन के बीच अगली पीढ़ी के सुधार, नीतिगत स्थिरता व दीर्घकालीन विकास की रणनीति के साथ घरेलू मांग की मजबूती पर्यावरण नवाचार, उद्यमिता बुनियादी ढांचा, कृषि विकास, गरीब, युवा, महिला और किसान वर्ग के लिए राहत के प्रभावी प्रावधानों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, सेवा क्षेत्र रक्षा, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग (एमएसएमई) स्वदेशी प्रोत्साहन और हरित ऊर्जा पर बड़े ऐलान किए हैं। इनके साथ-साथ भारत को वैश्विक बायो फॉर्मा केंद्र बनाने, शहरी आर्थिक क्षेत्रों के निर्माण, नए राष्ट्रीय जल मार्ग, सात हाई स्पीड कोरिडोर, व्यापार सुगमता, कंटेनर निर्माण, बुजुर्गों के लिए मजबूत इकोसिस्टम, टीयर-2 और टीयर-3 शहरों के विकास के लिए प्रभावी प्रावधान किए गए हैं। हालांकि, वित्त मंत्री के समक्ष बजट तैयार करते समय चुनौतियां भी रही हैं। इन चुनौतियों में रुपये में लगातार गिरावट, अमेरिका का ऊंचा टैरिफ, मैन्युफैक्चरिंग व कृषि की धीमी रफ्तार शामिल हैं। निसंदेह वित्त मंत्री बजट के तहत गरीब, युवा, महिलाएं, किसानों के कल्याण के नए उपायों के साथ विकास योजनाओं पर भी अपने आवंटन को बढ़ाते हुए दिखाई दी हैं। बजट में रोजगार, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ग्रामीण विकास, सिंचाई तथा वेयरहाउसिंग संबंधी प्रोत्साहन, रियल एस्टेट सेक्टर और आवास सेक्टर को प्रोत्साहन, डिजिटल क्रांति को आगे बढ़ाने तथा स्वच्छ ऊर्जा के लिए अधिक आवंटन करते हुए दिखाई दी हैं। यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बजट में सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में निवेश, रेलवे, शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार और



क्षमता संवर्धन के साथ दीर्घावधि वृद्धि, वैश्विक क्षमता निर्माण और एकीकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में मिशन मोड के सुधार उभरकर दिखाई दे रहे हैं। साथ ही बजट के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने, उद्योग जगत की लाजिस्टिक्स लागत घटाने, रोजगार सृजित करने वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करने संबंधी रणनीतियां भी दिखाई दी हैं। युवाओं के रोजगार बढ़ाने, कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, डिजिटल कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के अनुरूप ढालने, प्रधानमंत्री कौशल मुद्रा योजना, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ाने के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण, निजी निवेश को प्रोत्साहित करने, वित्तीय समावेशन को बेहतर करने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने संबंधी प्रभावी प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। सीतारमण बजट में खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए भी आपूर्ति संबंधी नए कदमों के साथ आगे बढ़ी हैं। बजट में वित्त मंत्री ने रोजगारोन्मुखी निर्यात क्षेत्रों से निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य रखकर नए रोजगार अवसरों को निर्मित करने की रणनीति भी अपनाई है। विकसित भारत के लक्ष्य के मद्देनजर डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए प्रोत्साहन के प्रावधान भी बजट में दिखाई दे रहे हैं। नए बजट में हर क्षेत्र में आर्टिफिशल इटेंलिजेंस (एआई) को अहमियत हेतु प्रावधान किए गए हैं, ताकि भारत एआई का वैश्विक हब बन सके। सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट में अधिक धन का आवंटन किया गया है। वित्त मंत्री ने इस बजट में भारत को दुनिया के बाजार में और अधिक प्रभावी रूप से जुड़ने और भारत को निर्यात का नया हब बनाने के लिए नई रणनीति प्रस्तुत की है।

भारत को यूरोपीय संघ समेत विभिन्न देशों के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के बाद दुनिया के बाजार में भारतीय उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने के प्रोत्साहनमूलक प्रावधानों के साथ आगे बढ़ी हैं। अमेरिका के द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ से प्रभावित निर्यात क्षेत्रों को भी राहत देने के मद्देनजर वित्त मंत्री नए निर्यात प्रोत्साहनों की डगर पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं।निश्चित रूप से वित्त मंत्री ने इस बजट में सीमा शुल्क के लिए जहाँ राहत दी है, वहीं सीमा शुल्क में सुधार भी किए है। यह बजट इसलिए भी खास रहा है, क्योंकि यह बजट पुराने टैक्स युग से नए टैक्स युग की दहलीज पर खड़ा बजट है। सरकार ने 1 अप्रैल 2026 से करीब 60 साल पुराने टैक्स कानून की जगह नया इनकम टैक्स कानून लागू किया है। इससे देश के करोड़ों आयकरदाता लाभांवित होंगे। साथ ही नई श्रम संहिताएं भी आगामी वित्तीय वर्ष में लागू होने से श्रम उत्पादकता बढ़ेगी और औद्योगिक विकास का नया अध्याय दिखाई देगा। निश्चित रूप से वित्त मंत्री सीतारमण के द्वारा एक फरवरी को प्रस्तुत आगामी वित्त वर्ष 2026-27 का प्रस्तुत बजट कोई साधारण वार्षिक बजट नहीं है, बल्कि यह बजट देश के आर्थिक परिदृश्य को ऐतिहासिक मोड़ देने वाला बजट है। इस बजट से जहां देश में साहसिक सुधारों का नया युग शुरू हो सकेगा, वहीं आम आदमी के लिए अधिक राहत और देश के लिए तेज विकास का नया परिदृश्य निर्मित होगा।

उम्मीद करें कि एक ओर वित्त मंत्री वर्ष 2026-27 के बजट के बजट के लक्ष्य के तहत राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रखने में कामयाब होगी। उम्मीद करें कि इस अभूतपूर्व बजट से देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ेगी और यह बजट देश को वर्ष 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने वाला और 2047 तक विकसित भारत बनाने की नींव रखने वाला बजट सिद्ध होगा।

आम बजट
प्रमोद भार्गव



# आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट

नए आम बजट से उम्मीद की जा रही थी कि यह आयकर की सारिणी में छूट और पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लोकलुभावन बजट होगा, लेकिन यह बजट इसके विपरीत आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट है। इसके स्थाई और रोजगार देने वाले परिणाम आने में थोड़ा समय लगेगा। इस बजट की उम्मीदों में तमाम आर्थिक उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की बुनियाद रख दी है। इस समय भारत उद्योग,प्रौद्योगिकी और दवाओं के कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है, किंतु यह बजट कालांतर में चीन को चुनौती बनने वाला है। इस बजट में दुर्लभ खनिजों के उत्खनन को बढ़ावा देने के द्वार खोले जा रहे हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खनिज के साथ कृषि भी है। अतएव ईयू से जो संधि हुई है, उसके तहत भारत को स्टील, एल्युमिनियम, सीमेंट, पेपर, ग्लास, तेल रिफाइनरी और खाद के निर्यात का लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खनन और उसका उपयोग देश के लोगों के लिए हो, इस नजरिए से दुर्लभ खनिजों के उत्खनन के लिए बजट में ओडिशा, केरल और आंध्रप्रदेश के बीच गलियारा बनाए जाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्ग भी बनाए जाएंगे। साथ ही वस्त्र, खेलकूद सामग्री,जैविक दवाओं,कंटेनर, इलेक्ट्रॉनिक्स के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है। रसायन पार्क विकसित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन दो की शुरुआत की जाएगी। चूंकि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के उपाय निरंतर कर रही है, इस हेतु सेमीकंडक्टर की उपलब्धता जरूरी है। इस दृष्टि से यह उत्पादन और निर्माण के ढांचागत विकास को स्थापित करने का महाबजट है। दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा हेतु संसद के मॉनसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लीथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई है। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा किया हुआ है। ईयू से समझौते के बाद दुर्लभ खनिजों के आयात-निर्यात का दायरा विस्तृत हो गया है। इसीलिए भारत अब अपनी शर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। अब माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पारित हो जाने से उद्योगपति निवेश के लिए आगे आएंगे। मध्यप्रदेश की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में चूने के भंडार हैं। शडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं। मध्यप्रदेश में ईंधन खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है। इसके अलावा बजट में जैविक औषधीय दवाओं के उत्पादन के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान है। बायोफार्मा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक हब बनाया जाएगा। सरकार आयुर्वेद दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देगी। इन दवाओं का निर्माण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ये रोग को जड़ से दूर करती हैं। सात द्रुत गति के रेल गलियारे बनेंगे। पटना और वाराणसी में जहाजों की मरम्मत के कारखाने खुलेंगे। छोटे नगरों में तीर्थस्थल विकसित होंगे। इस उपाय से छोटे नगरों में धार्मिक पर्यटन बढ़ेगा। इससे स्थानीय लोगों को धर्म संबंधी रोजगार मिलेंगे। एक जिला,एक उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया गया है। साफ है यह बजट अन्य आम बजटों से एकदम अलग है। इसमें मतदाता को लुभाने और आयकरदाताओं को संतुष्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है। यह युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए उद्योग केंद्रित बजट है, जिसके स्थाई और फलदायी परिणाम धीमी गति से आएंगे। जो देश की अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती देंगे, बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे।

## योग के सभी सूत्र सुदृढ़ जीवन की आधारशिला



संकलित
दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

## मन का भोजन हमारे विचार



संकलित
प्रेरणा

एक दिन गौतम बुद्ध अपने शिष्यों और अन्य लोगों को उपदेश दे रहे थे। सत्संग में काफी लोग बैठे हुए थे। भीड़ में से एक व्यक्ति उठा और उसने बुद्ध से पूछा कि तथागत मैं जब ध्यान करने बैठता हूं तो मेरा मन ध्यान में नहीं लग पाता है। कृपया बताइए, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध के साथ ही सत्संग में बैठे हुए लोगों ने भी ये प्रश्न सुना, लेकिन बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि कृपया फिर से अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने फिर से कहा कि मेरा मन ध्यान में नहीं लगता है, मैं ध्यान कैसे कर सकता हूं? बुद्ध ने कहा कि एक बार और अपनी बात कहें। उस व्यक्ति ने एक बार और अपनी बात कह दी। बुद्ध ने कहा कि हमारे विचार मन के लिए भोजन हैं। जब तक मन को विचारों का भोजन मिलता रहेगा, हम ध्यान नहीं कर सकते हैं। जब हम ध्यान करने बैठे, तब मन को विचारों का भोजन नहीं देना चाहिए, यानी सोच-विचार करना बंद कर देना चाहिए। तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। जब मन विचारों से खाली हो जाएगा, तब ही हम ध्यान कर पाएंगे। बुद्ध ने उस व्यक्ति से ध्यान के बारे में प्रश्न तीन बार पूछा था और बुद्ध ने भी तीन बार इस प्रश्न का उत्तर दिया। बुद्ध ने तीन बार उत्तर दिया तो लोगों ने पूछा कि आपने इस व्यक्ति से तीन बार प्रश्न पूछा और उत्तर भी तीन बार ही दिया, ऐसा क्यों? बुद्ध ने लोगों को समझाया कि मैं इन सज्जन से तीन बार प्रश्न पूछा, क्योंकि मैं प्रश्न के लिए इनकी गंभीरता को परखना चाहता था। जब मुझे लगा कि ये अपने प्रश्न के लिए गंभीर हैं, तब मैंने उत्तर भी तीन बार दिया, ताकि मेरी बात इन्हें अच्छी तरह समझ आ जाए।

## थाईपुसम त्योहार



भगवान मुरुगन की जयंती के अवसर पर एक भक्त अपनी जीभ में सांग छेद कर थाईपुसम त्योहार में हिस्सा ले रहा है।

## आज की पाती

### उपकरणों का सावधानी से प्रयोग करना जरूरी

विज्ञान ने हमें हर मौसम से बचने के लिए बहुत सी चीजें दी हैं। लेकिन अगर हम इनका सावधानी से प्रयोग न करें तो यह हमारे लिए कभी भी हानिकारक बन सकती हैं और अक्सर खबरें भी पढ़ने और सुनने को मिलती हैं कि इन चीजों के प्रयोग करते कई बार हादसा हो गया। सर्दियों में गैस गीजर, कोयले की अंगीठी और अन्य गर्मी प्रदान करने वाले उपकरण लोगों की जान के दुश्मन भी बन जाते हैं। सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए लोग गैस से चलने वाले गीजर का भी प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन इसके प्रयोग में जरा सी भी असावधानी किसी दुर्घटना को अंजाम दे सकती है। गैस गीजर को बाथरूम में लगाने के साथ-साथ एक खिडक़ी जरूर रखें। लोगों को चाहिए कि जहां गैस गीजर लगा हो वहां हवा बाहर निकलने के लिए जगह होनी चाहिए। - *संजय शर्मा, दुर्ग*

2 फरवरी पर विशेष

## वेटलैंड

वेटलैंड जो अंग्रेजी का शब्द है के लिए हिंदी में अनेकानेक शब्दों का उपयोग देखने में आता है आर्द्र ,जलोध,नम,दलदली भूमि ये सभी शब्द एक ही मायने और अर्थ प्रकट करते हैं और इनकी उपस्थिति हमारे जैव मंडल के लिए अति आवश्यक है जिसमें जल चर थल घर,नभ चर समाहित हैं इन सभी की जीवन सुरक्षा में वेट लैंड की भूमिका महत्वपूर्ण है जिसका संरक्षण संवर्धन आवश्यक है इन उदाहरणों से समझा जा सकता है झील, ताल तलैया, पोखर, तालाब या वो सभी जल संग्रहण के केंद्र जहां पानी की गहराई 6 मीटर से ज्यादा न हो ये सभी स्थान वेटलैंड (नम भूमि) को इंगित करते हैं जो मिट्टी, पानी,जैव विविधता को पुष्ट कर जीव जगत को सुरक्षित जीवन प्रदान करते रहते हैं।


वेटलैंड प्राकृतिक रुप से जल शोधन का कार्य कर जल को साफ सुथरा कर पेयजल आपूर्ति कर अपनी अहम भूमिका का निर्वाह करते हैं वहीं ये बाढ़ आने पर इसकी रोकथाम कर प्राकृतिक बफर बन ढाल का कार्य कर सभी की सुरक्षा करते हैं, पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने में वेट लैंड अग्रणी भूमिका में हैं ये कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर जलवायु रक्षक का कार्य प्राकृतिक रुप से करते रहते हैं और हमें पता भी नहीं चलता है आज जिस प्रकार से भी जलवायु परिवर्तन दिखाई दे रहा है उसे संतुलित रखने में आद्र भूमि अपनी महती भूमिका निभाते दिखते हैं।

इनकी आवश्यकता और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1988 के अंतर्गत भारत शासन द्वारा वेटलैंड अधिनियम 2017 लागू कर इसकी सुरक्षा को सर्वोपरि माना वहीं राज्य शासन द्वारा 17.12.2018 को राज्य वेटलैंड प्राधिकरण का गठन कर इसकी सुरक्षा हेतु कर्त्तव्यों एवं दायित्वों का परिपालन सुनिश्चित किया एवं सभी जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठन सुनिश्चित किया गया इस प्रकार के निर्णयों से ये बात तो स्पष्ट होती है कि शासकीय और गैर शासकीय सभी स्तरों पर वेटलैंड को संरक्षित संवर्धित करने की भावना बलवती होती जा रही है जो एक शुभ संकेत है इस प्रकार के नजरिए से हमारे नगरीय और ग्रामीण वेटलैंड को असमय हो रही मृत्यु से बचाया जा सकेगा साथ ही भू-जल स्तर जो तेजी से नीचे जा रहा है उसे भी बचाया जा सकेगा और अस्तित्व-सह अस्तित्व के भाव से समाज परिवार और प्रकृति के भाव सुरक्षित रह सकेंगे।

## करंट अफेयर

### इजराइल की रफाह सीमा क्रॉसिंग खोलने की घोषणा


इजराइल ने फलस्तीनियों के सीमित आवागमन के मद्देनजर गाजा की मिस्र के साथ रफाह सीमा क्रॉसिंग को प्रायोगिक तौर पर खोलने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद रफाह सीमा क्रॉसिंग पर रविवार को चहल-पहल देखी गयी। रफाह सीमा क्रॉसिंग को दोबारा खोलना इजराइल-हमास संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। इजराइल ने रविवार को घोषणा की कि रफाह क्रॉसिंग को प्रायोगिक तौर पर खोल दिया गया है। गाजा को मानवीय सहायता के प्रवाह को नियंत्रित करने वाली इज़राइली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने एक बयान में कहा कि क्रॉसिंग को पूर्ण संचालन के लिए सक्रिय रूप से तैयार किया जा रहा है और तैयारियां पूरी होने के बाद गाजा के निवासी यहां से आवागमन शुरू कर सकेंगे। मिस्र के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि फलस्तीनी सुरक्षा अधिकारी मिस्र वाले द्वार से होकर क्रॉसिंग में दाखिल हुए और फलस्तीनी द्वार की ओर बढ़े, जहां वे एक यूरोपीय संघ मिशन के साथ जुड़ेंगे, जो प्रवेश और निकास की निगरानी करेगा। अधिकारी ने यह भी बताया कि एंबुलेंस भी मिस्र वाले द्वार से होकर गुजरीं।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है। लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं। ये संकेत या तो शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को सक्रिय करेंगे या शरीर को गर्म करने के लिए कंपकंपी को सक्रिय करेंगे। उम्र या लिंग कोई भी हो, किसी को भी रात में पसीना आने का अनुभव हो सकता है। लेकिन पुरुषों की तुलना में महिलाओं को रात में पसीना अधिक आता है, इसका मुख्य कारण रजोनिवृत्ति और संबंधित बदलते हार्मोन स्तर हैं। ऐसा माना जाता है कि एस्ट्रोजन के स्तर में बदलाव से नॉरपेनेफ्रिन और सेरोटोनिन के स्तर पर प्रभाव पड़ता है, ये दो न्यूरोट्रांसमीटर हैं, जो हाइपोथैलेमस में तापमान विनियमन को प्रभावित करते हैं।



संक्षेप

## चंदवा ताल वेटलैंड पर जागरूकता कार्यक्रम

### अमेठी में बच्चों ने सीखा पक्षी संरक्षण और आर्द्रभूमि का महत्व

अमेठी , अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस-2026 के अवसर पर सोमवार को चंदवा ताल वेटलैंड पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अमेठी वन प्रभाग द्वारा गौरीगंज वन रेंज में आयोजित हुआ। इस वर्ष की थीम ₹आर्द्रभूमि और पारंपरिक ज्ञानः सांस्कृतिक विरासत का उत्सव₹ थी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, शिक्षकों, ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने भाग लिया। कंपोजिट विद्यालय हरखपुर, गौरीगंज के बच्चों को चंदवा ताल क्षेत्र में बर्ड वाचिंग कराई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को वेटलैंड में पाए जाने वाले स्थानीय पक्षियों की जानकारी दी गई और उनके संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से समझाया गया ।बच्चों ने नजदीक से पक्षियों को देखकर प्रकृति के प्रति उत्साह और जिज्ञासा दिखाई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 6 की गुड़िया चौहान ने प्रथम, कक्षा 8 की दिव्यांशी ने द्वितीय और कक्षा 5 की माही अग्रहरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 7 की स्वाती चौहान प्रथम, कक्षा 8 की साईना द्वितीय और कक्षा 8 के बजरंग शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता छात्र-छात्राएं कंपोजिट विद्यालय हरखपुर के हैं। क्षेत्रीय वन अधिकारी गौरीगंज दीपक कुमार सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए आर्द्रभूमि की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आर्द्रभूमि जल संरक्षण, भूजल स्तर सुधार और जैव विविधता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश चंद्र पांडेय ने अपने उद्बोधन में बर्ड फेस्टिवल और पर्यावरण संरक्षण के आपसी संबंध पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया।

## अमेठी जिला अस्पताल में कन्या जन्म उत्सव

### नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट देकर किया गया सम्मानित

अमेठी , जिला अस्पताल में कन्या जन्म उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन के तत्वावधान में यह कार्यक्रम उपजिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ। चाइल्ड हेल्पलाइन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर गौरव श्रीवास्तव ने इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कन्या जन्म के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। इसके साथ ही, बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' की भावना को सशक्त करना भी इस आयोजन का लक्ष्य रहा। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में जन्मी नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने इन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विरासत दम तोड़ रही है, तंत्र बेखबर

## हस्त-सेल्फी कारीगरों के लिए सरकार बने आखिरी उम्मीद

**अमन लेखनी समाचार/सिराज अली**

कैसरगंज, बहराइच। जरवल नगर की पहचान रही सदियों पुरानी हस्त-सेल्फी कला आज अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। कपड़ों पर हाथों से की जाने वाली यह बारीक कढ़ाई और तराशी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पीढ़ियों से चली आ रही एक सांस्कृतिक विरासत है। एक समय था जब नगर के हर तीसरे घर से इस हुनर के जरिये रोजी-रोटी चलती थी, लेकिन आज यह कला विलुप्त होने के कगार पर पहुँच गई है ।सरकार द्वारा कारीगरों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, हस्तशिल्प कारीगर कल्याण योजना, मुद्रा योजना और कौशल विकास मिशन जैसी कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और बाजार उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद जरवल क्षेत्र के हस्त-सेल्फी कारीगर इन योजनाओं के वास्तविक लाभ से वंचित हैं ।कारीगरों का कहना है कि योजनाओं की जानकारी का अभाव, जटिल ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की कमी और विभागीय उदासीनता के कारण वे इन योजनाओं से जुड़ ही नहीं पा रहे हैं। न तो स्थानीय स्तर पर कोई सर्वे कराया गया और न ही कोई प्रशिक्षण या सहायता शिविर लगाया गया। परिणामस्वरूप कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी बेहद कम मजदूरी मिलती है, जिससे परिवार का खर्च तक पूरा नहीं हो पाता ।इसी आर्थिक दबाव के चलते लगभग 80 प्रतिशत कारीगर यह पेशा छोड़ चुके हैं। शेष बचे करीब 20 प्रतिशत कारीगर भी गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। उम्र और संसाधनों की कमी के कारण वे कोई वैकल्पिक रोजगार—जैसे रिक्शा,



ऑटो या ठेला—भी नहीं चला पा रहे हैं, जिससे उनके सामने भुखमरी जैसी स्थिति बनती जा रही है ।ऐसे हालात में समाजसेवी इसरार सिद्दीकी कारीगरों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आए हैं। उन्होंने अपने स्तर से कारीगरों को काम उपलब्ध कराने की पहल की, ताकि यह पारंपरिक कला पूरी तरह समाप्त न हो। हालांकि सीमित संसाधनों के कारण उनकी पूरी मजदूरी निकल पाना आज भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है ।इसरार सिद्दीकी ने सरकार से स्पष्ट मांग की है कि हस्त-सेल्फी कारीगरों का विशेष सर्वे कराकर उनकी वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए और उन्हें किसी न किसी माध्यम से आर्थिक फंड मुहैया कराया जाए, जिससे कारीगरों के घरों का खर्च आसानी से चल सके। उन्होंने कहा कि यह केवल रोजगार का सवाल नहीं है, बल्कि पूर्वजों से मिली कला को आगे बढ़ाने का विषय है ।इसरार सिद्दीकी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने समय रहते सहयोग नहीं किया तो कारीगर केवल नमूना बनकर रह जाएंगे और आने वाले समय में उन्हें रोजी-रोटी के लिए तरसना पड़ेगा ।कारीगरों और समाजसेवियों ने एक स्वर में मांग की है कि सरकार तत्काल ठोस कदम उठाए, कारीगरों को योजनाओं से जोड़े, प्रक्रिया को सरल बनाए, प्रशिक्षण और विपणन की व्यवस्था करे तथा इस पारंपरिक हस्तकला को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित करे।

# निर्माण उद्योग में स्वरोजगार को बढ़ावा देने की पहल

**बहराइच में एमडीपी कार्यक्रम शुरू**

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा एक सप्ताहिक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन 2 फरवरी से 6 फरवरी तक किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माण एवं संबंधित क्षेत्रों में युवाओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना तथा मौजूदा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों की कार्यक्षमता को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को पारंपरिक नौकरियों के बजाय स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही सूक्ष्म और लघु उद्योगों को आधुनिक प्रबंधन तकनीकों, व्यावसायिक कौशल और नवाचार से जोड़कर उन्हें अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है, जिससे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा मिल सके ।कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्योग विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में व्यावहारिक अनुभव, प्रोजेक्ट आधारित सीख, नेटवर्किंग के अवसर तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें सरकारी सब्सिडी, ऋण सुविधाओं और पंजीकरण प्रक्रियाओं पर विशेष रूप से जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विशेषज्ञों की टीम नियुक्त की गई है, जिसमें जिला समन्वयक डॉ. तस्नीम फातिमा जैदी, राज्य समन्वयक डॉ. अहमद फैजान इनाम, प्रशिक्षण अधिकारी (उत्तर प्रदेश) मोहम्मद हुजैफा अनस तथा विषय विशेषज्ञों के रूप में डॉ. राजेश कुमार शर्मा (वाणिज्य), डॉ. आनंद कुमार श्रीवास्तव और डॉ. सुमित श्रीवास्तव (पर्यावरण विज्ञान) शामिल हैं।

# एसकेएस नर्सिंग कालेज सबलापुर में मनाया गया विश्व कैंसर दिवस



**अमन लेखनी समाचार**

बहराइच। डा. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में बुधवार को नर्सिंग कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। नर्सिंग के छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से कैंसर बिमारी से बचाव की जानकारी दी। जीएनएम की छात्रा ईशा तिवारी व शीतू शुक्ला ने बताया कि धूमपान, मदिरा, तनाव, व्यायाम की कमी, ज्यादा खाना, काला पीलिया, प्रदूषण कई प्रकार के कैंसर के कारण बनते हैं। लोगों को इससे बचाव के लिए प्रारंभ से ध्यान देना चाहिए। इस दौरान नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर, शिक्षिका संगीता पाल, आंचल सिंह, सुषमा गिरी, सौम्या सिंह, ईशा वर्मा, प्रतीज्ञा पाठक, लवीशा प्रजापति, फरहत खान, भूमिका, अंशिका, कीर्ति मिश्रा, अनुराधा, उदय प्रताप वर्मा, चन्दन शर्मा, राहुल श्रीवास्तव, यशवन्त सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस गोष्ठी

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा**

## स्क्रीनिंग शिविर के साथ संचालित हुआ हस्ताक्षर अभियान




बहराइच। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी, स्क्रीनिंग शिविर तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएकओ डॉ. कुमार ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान, सही इलाज और इससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और मादक पदार्थों की रोकथाम बहुत जरूरी है ताकि इस बीमारी से होने वाली मौतों को कम किया जा सके और जीवन बचाया जा सके। सीएमओ ने कहा कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना हो तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे रोग के प्रति लोगों में जनजागरूकता के उद्देश्य से समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व कैंसर दिवस से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं साथ ही जिला चिकित्सालय सहित सभी पीएचसी/सीएचसी पर निशुल्क स्क्रीनिंग शिविर भी लगाए गए हैं। एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि आजकल फल और सब्जियों में बेतहाशा पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है। पीने का पानी भी पूरी तरह शुद्ध नहीं है। जिसका सीधा असर शरीर पर पड़ रहा है। पहले कैंसर बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब युवा और मध्यम आयु वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते ही हैं कि हमारे शरीर में कई प्रकार की कोशिकाएं होती है लेकिन जब ये कोशिकाएं बढ़ जाती हैं और अनियन्त्रित हो जाती हैं एवं शरीर के हिस्सों को काम करने में दिक्कत देती है और उन हिस्सों पर कोशिकाओं का गुच्छा सौम्य गाँठ या ट्यूमर बन जाता है और बढ़ता रहता है इस अवस्था को ही कैन्सर कहते हैं और यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कैंसर विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. परितोष तिवारी ने कहा कि लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के बारें में अवगत कराने के लिए विश्व कैन्सर दिवस हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। ताकि लोगों को कैंसर के होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सकें और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि कैंसर के सौ से भी अधिक रूप है। जैसे- स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि। एनसीडी क्लीनिक के फिजिशियन डॉ. अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने बताया कि कैंसर सेल्स सबसे पहले शरीर को संक्रमण से बचाने वाले हिस्से में फलती है और उसके बाद खून के रास्ते शरीर के अलग अलग हिस्सों में जाती है और उन्हें संक्रमित करती है। कैंसर जैसी बीमारी से हमें बचने के लिए सबसे पहले सावधान होकर बचाव रखना चाहिए और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि यदि आप कैंसर से बचना चाहते हैं तो आपको अपनी जीवनशैली नियंत्रित करनी होगी और अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा।

# सेवा संकल्प दिवस के रूप में मना विधायक अनुपमा जायसवाल का जन्मदिन

## गौ सेवा, फल वितरण, कंबल वितरण के साथ ही आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**अमन लेखनी समाचार**

**मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्व शिक्षा मंत्री तथा बहराइच सदर विधानसभा से विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के जन्मदिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। सेवा संकल्प दिवस का शुभारंभ विधायक ने जनपद में प्रसिद्ध सिद्धनाथ मंदिर में पहुंचकर रुद्राभिषेक किया इसके बाद जिला चिकित्सालय में पहुंचकर मरीजों को फल वितरण करते हुए गुल्लाबीर में स्थित गौशाला पहुंची जहां पर उन्होंने गौ माता का पूजन हरा चारा खिलाया, इसके बाद अटल पार्क पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को भोजन वितरण, वृद्ध आश्रम नगरौर में वृद्ध जनों से उनका हाल-चाल जाना तथा फल भेंट कर आशीर्वाद लिया, इसके बाद बक्शीपुरा में अनुसूचित बस्ती में पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल भेंटकर सम्मानित किया । जन्मदिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया ।बाद दोपहर 2:00 बजे कार्यकताओं के साथ गुरु नानक चौक पर विधायक कार्यालय पर आयोजित समरसता भोज में शामिल हुए और अतिथियों से शुभकामना आदान-प्रदान किया गया। विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल ने बताया कि जन्मदिन को प्रत्येक वर्ष सेवा संकल्प दिवस के रूप में मानती हूं और जिसमें हमारे पदाधिकारी और कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहता है ।जन्मदिन का उद्देश्य गरीबों जरूरतमंदों के कल्याण हेतु खुद को समर्पित करना। इस मौके पर जनप्रतिनिधि , भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता, समाजसेवी, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि, किसान मजदूर सहित हजारों की संख्या में पहुंचे विधायक के प्रशंसको ने विधायक को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी।

# मतदाता बनना फर्ज, वोट करना अधिकार है, इससे वंचित न रहें: राम निवास वर्मा

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। बुधवार दोपहर विकास खंड शिवपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौंगोई में बूथ संख्या 366 पर मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सूची से मतदाता को जोड़ने के लिए चौपाल लगाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक रामनिवास वर्मा ने मौजूद जनसमूह से नए मतदाता से फॉर्म 6 भरकर लोकतंत्र को मजबूत करने का आवाहन किया। साथ ही 210 मतदाता अनुपस्थित होने पर लोगों से सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप लोग खोए हुए मतदाता की पहचान एवं खोज करने में मदद करे। संशोधन के लिए फॉर्म 8 भरें। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत है कि कोई व्यक्ति मतदान से वंचित न रहे। जो 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हैं। वह फॉर्म 6 भरे। आगे कहा कि मतदाता बनना फर्ज.है, वोट करना अधिकार है, इससे वंचित न रहें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, मंडल महामंत्री यशवंत सिंह, ओम प्रकाश लोधी, संजय शुक्ला, कार्यक्रम आयोजक इंद्रसेन गुप्ता सहित बीएलओ जालंधर चौहान, लेखपाल शुभम यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मदरसा नूरिया ऐनी कैसरगंज में 9 फरवरी को हज टीकाकरण कैंप का आयोजन

**हज 2026 के हुज्जाज के लिए बड़ा ऐलान 09 फरवरी को टीकाकरण व ट्रेनिंग कैंप का इनइकाद**

**अमन लेखनी समाचार**

कैसरगंज, बहराइच। हज-2026 की तैयारियों के सिलसिले में कैसरगंज में हज टीकाकरण व ट्रेनिंग कैंप का इनइकाद किया जा रहा है। यह कैंप 9 फरवरी को मदरसा नूरिया ऐनी, कैसरगंज में मुनअकि द होगा, जहां सुबह 9 बजे से तमाम हुज्जाज के लिए टीकाकरण और ट्रेनिंग का आगाज किया जाएगा। कैंप के दौरान हज पर जाने वाले हुज्जाज को जरूरी टीकाजात लगाए जाएंगे और साथ ही हज के अरकान, मनासिक-ए-हज, सफर की एहतियाती तदाबीर और सऊदी अरब में कि याम के दौरान अपनाए जाने वाले कवानीन व जवाबित से वाकि फ कराया जाएगा। आयोजकों ने हज-2026 में जाने वाले तमामी हुज्जाज से पुरजोर अपील की है कि वे वक़्त की पाबंदी करते हुए कैंप में शरीक हों और अपना टीकाकरण लाज़िमी तौर पर कराएं, ताकि आगे की तमाम कार्रवाई बखूबी और ब-वक़्त पूरी की जा सके।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर

## पत्नी की मौत, पति घायल; ट्रक छोड़कर चालक फरार हुआ

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला के पति विनय शुक्ला उर्फ पिंटू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया है। यह घटना प्रतापगढ़ के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सुखपाल नगर तिराहे के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दंपती मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला सड़क पर गिर गई और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली देहात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक महिला के शव को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, घायल पति विनय शुक्ला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है, लेकिन उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। कोतवाली देहात पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच-पड़ताल की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

हादसे के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर जाम भी लगा रहा।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में गुरु गोरक्षनाथ संस्थान द्वारा मुफ्त मेडिकल कैंप

**06 और 07 फरवरी को होगा कैम्प का आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार**

रुपईडीहा, बहराइच। गुरु गोरक्षनाथ संस्थान की ओर से सीमावर्ती जिलों में पिछले कई वर्षों से निरंतर मेडिकल कैंपों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं ।गुरु गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा के संयोजक इंद्र बहादुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा पिछले छह वर्षों से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा यात्रा संचालित की जा रही है। बहराइच जनपद के विकासखंड मिहींपुरवा एवं विकासखंड नवाबगंज के विभिन्न गांवों में यह यात्रा नियमित रूप से आयोजित की जाती है। अब तक लगभग 40 से अधिक मेडिकल कैंप लगाए जा चुके हैं, जिनमें प्रदेश के करीब 52 मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों द्वारा सेवाएं दी गई हैं ।उन्होंने बताया कि आगामी 6 एवं 7 फरवरी को सीमावर्ती क्षेत्रों में पुनः मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा ।6 फरवरी को यह कैंप जमदान, सिरसिया, फुलटेकरा, अंटाहवा, बेलवासारी,, रामनगर एवं धनकुही में आयोजित किया जाएगा ।वहीं 7 फरवरी को भगवानपुर, खैरानिया, गोकुलपुर, गंगापुर, जैतापुर, मिहींपुरवा, रामपुर एवं रामबख्शपुर में मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे ।संयोजक इंद्र बहादुर सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं उपचार का लाभ उठाएं ।उन्होंने बताया कि इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के सफल आयोजन में विकासखंड नवाबगंज के संयोजक राजेश सिंह, खंड कार्यवाहक अरुण पाठक तथा आशीष सिंह का सक्रिय योगदान रहा है।

# महिला की गला दबाकर हत्या

## सौतेले बेटे पर एफआईआर, मायके वालों से जमीन का विवाद चल रहा था

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़ , नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक 55 वर्षीय महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। यह घटना देर रात गहरु का पुरवा ( अब्दुल वाहिद गंज ) में हुई। पुलिस ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका की भाभी ने सौतेले बेटे समेत ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। मृतका की पहचान उर्मिला देवी के रूप में हुई है। उनकी शादी सलवन कोतवाली के अमिलिहा सांडा गांव के राम मनोहर से हुई थी। उर्मिला को कोई संतान नहीं थी, जिसके बाद उनके पति ने दूसरी शादी की और उन्हें एक पुत्र हुआ। पति राम मनोहर की बीमारी से मृत्यु के बाद से ही उर्मिला का अपने ससुराल वालों से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद के कारण उर्मिला पिछले सात साल से अपने मायके में भाभी उर्मिला देवी के साथ रह रही थीं। करीब चार साल पहले मृतका के भतीजे सचिन की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रविवार देर शाम उर्मिला देवी और उनकी भाभी अलग-अलग कमरों में सोने चली गईं। इसके बाद किसी ने भाभी उर्मिला देवी के कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी। दूसरे कमरे में सो रही उर्मिला देवी की गला दबाकर हत्या कर दी। कुछ देर बाद जब भाभी उर्मिला देवी कमरे से बाहर निकलने के लिए उठीं तो उन्होंने देखा कि दरवाजा बाहर से बंद था। पड़ोसियों को आवाज देने पर दरवाजा खोला गया। अनहोनी की आशंका पर जब अंदर देखा गया तो उर्मिला अपने कमरे में मृत पड़ी थीं और उनकी नाक से खून बह रहा था। तत्काल नवाबगंज पुलिस को सूचना दी गई। सौतेले बेटे के नाम एफआईआरनवाबगंज थाना अध्यक्ष संतोष सिंह और कुंडा सीओ अमरनाथ गुप्ता सहित आला अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार को कठोर उम्रकैद

**एक लाख रुपए अर्थदंड, न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**

सोनभद्र। करीब साढ़े सात वर्ष पूर्व डगडहरा जंगल में गाय चराने गई 12 वर्ष 3 माह की नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीशध्‍ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो उसके शेष प्राकृतिक जीवन काल के लिए कारावास रहेगा। उसके ऊपर एक लाख रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता की मां ने 23 जुलाई 2018 को ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 22 जुलाई 2018 को शाम 4 बजे उसकी नाबालिग बेटी गाय चराने डगडहरा जंगल में गई थी जहां पर अकेला पाकर जगनारायण खरवार पुत्र रामदेव निवासी पनारी टोला सेमरतर, थाना ओबरा, जिला सोनभद्र ने जबरन दुष्कर्म किया और जान मारने की धमकी देकर चला गया। इस तहरीर पर ओबरा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 8 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी जगनारायण खरवार (35) वर्ष को कठोर उम्रकैद जो उसके शेष प्राकृतिक जीवनकाल के लिए कारावास होगा एवं एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी व नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### राज्य महिला आयोग की सदस्या का आगमन कल

**महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की सर्किट हाउस सभागार में करेंगी सुनवाई**

सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग गीता विश्वकर्मा का आगमन 04 फरवरी को जनपद में होगा। इस दौरान सदस्या द्वारा 04 फरवरी को दोपहर 11.00 बजे महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों की सुनवाई सर्किट हाउस सभागार में करेंगी, इस दौरान जनपद में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देगीं।

### पेंशन अदालत का आयोजन 20 फरवरी को

सोनभद्र। वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मीरजापुर की अध्यक्षता में 20 फरवरी को उनके कार्यालय सभागार में अपराह्न 2 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। विन्ध्याचल मण्डल के सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों के पेंशन सम्बन्धी समस्याओं का निवारण इस अदालत में किया जाना है। उक्त अदालत में निम्न मामले सुने जायेगें- राजकीय कार्यालयों से सेवानिवृत्त कर्मियों के ऐसे मामले, जिनकी पेंशन/ग्रेच्युटी स्वीकृत न हुयी

# 'सहमति से सेक्स अपराध नहीं, लड़के की मंशा ठीक थी'

## इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुकदमा दर्ज खारिज; शादी का झांसा केस में ये फैसले नजीर

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज, नोएडा की लड़की ने जोधपुर में छछट की पढ़ाई के लिए कॉलेज में दाखिला लिया। वहां एक लड़के से मुलाकात हुई। दोनों दोस्त बन गए। ये दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने तय किया कि आगे चलकर शादी करेंगे। दोनों साथ रहने लगे, इस दौरान संबंध भी बने। फिर अचानक दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हुआ और रिश्ता टूट गया। लड़की ने लड़के के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज करवा दिया। मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा। मुकदमा शुरू हुआ। दोनों पक्षों ने अपने-अपने तर्क रखे। बाद में कोर्ट ने लड़की के रेप के आरोप को खारिज कर दिया। ऐसे ही कई और मामले सामने आए, जिनमें कोर्ट ने इस तरह की टिप्पणी करते हुए फैसले सुनाए हैं। आखिर शादी का झांसा देकर रेप करने के मामलों में कोर्ट क्या कुछ कहता है। आज इसी मसले को समझने की कोशिश करते हैं।



### कोर्ट ने कहा– शादी का झांसा जैसी बात नहीं

शादी का झांसा देकर रेप करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने 12 फरवरी 2024 को नोएडा में एफआईआर दर्ज करवा दी। आरोप लगाया मुझे धमकाया गया, हमला किया गया, शादी का झूठा वादा करके फिजिकल रिलेशन (धारा-69) बनाया गया। आरोपी पक्ष इस मामले को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचा। कोर्ट में यह मामला जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और अब्दुल शाहिद की बेंच देख रही थी। कोर्ट में लड़के ने कहा, जून 2023 में हम दोनों की सगाई हो गई। इसके बाद 12 नवंबर 2024 को शादी की तारीख तय हुई। शादी की डेट तय होने के बाद हमने होटल बुक किया। शादी के लिए कार्ड छपवाए और फोटोग्राफर तक को बुक कर लिया। लेकिन आखिरी वक्त में आपसी विवाद के चलते हमारे बीच का रिश्ता टूट गया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद इस मामले पर टिप्पणी की। कोर्ट ने धारा-69 पर टिप्पणी करते हुए कहा- यह अपराध तभी बनता है, जब पुरुष का शुरू से ही शादी करने का कोई इरादा न हो। उसने झूठा वादा किया हो और फिर इस आधार पर संबंध बनाए हो। यहां ऐसा नहीं है, इसलिए धारा-69 की एफआईआर को रद्द किया जाता है। बाकी धमकाने और हमला करने संबंधी आरोपों की जांच होगी।

### जज ने कहा– रेप के लिए तुम ही जिम्मेदार

आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने और फिर रेप के आरोप जैसे तमाम मामले आते रहे हैं, जिस पर हाईकोर्ट ने सख्त टीप्पणी की है। इसी तरह का एक दूसरा मामला भी नोएडा से आया था। उस मामले में तो जज ने यह तक कह दिया कि रेप के लिए लड़की ही जिम्मेदार है।

दरअसल, 23 सितंबर 2024 को नोएडा की एक यूनिवर्सिटी में एमए की पढ़ाई करने वाली छात्रा ने सेक्टर-126 के पुलिस थाने में रेप का मुकदमा दर्ज करवाया।

# कानूनगो पदावनत, अब लेखपाल बना

## ढाई करोड़ की सरकारी जमीन को प्राइवेट के नाम करने पर डीएम का एक्शन

**अमन लेखनी समाचार**

प्रयागराज , सोरांव तहसील में एक राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) को सरकारी जमीन के हेरफेर के आरोप में पदावनत कर लेखपाल बना दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपी कानूनगो दूधनाथ को निलंबित भी कर दिया गया है। कानूनगो दूधनाथ पर फाफामऊ में बंजर और परती भूमि को पैसे लेकर अपने करीबियों के नाम करने का आरोप है। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई, जिसमें वह दोषी पाए गए। इस मामले की शिकायत शासन और प्रशासन तक पहुंची थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई, जिसमें दो नायब तहसीलदार, एक कानूनगो और एक लेखपाल शामिल थे। लगभग चार महीने तक चली जांच में तहसील और जिला अभिलेखागार के सभी दस्तावेज खंगाले गए। जांच में सामने आया कि कानूनगो ने परती जमीन को तीन लोगों के नाम करने के लिए अभिलेखों में छेड़छाड़ की थी। उन्होंने सरकारी भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया था। दो दिन पहले यह जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने दोषी कानूनगो को पदावनत करते हुए लेखपाल बना दिया और उन्हें निलंबित भी कर दिया। इसके अलावा, दूधनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी पुलिस को दिए गए हैं। एक अन्य लेखपाल को यह मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। जांच में पता चला है कि लगभग ढाई करोड़ रुपये की यह जमीन 20 लाख रुपये लेकर निजी लोगों के नाम की गई थी। सोरांव के एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच अभी जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।




# शादाब जकाती संग वीडियो बनाने वाली इरम बोलीं- कोर्ट जाऊंगी

**पति ने इतना पीटा कि बॉडी नीली पड़ गई, मेरे पैसे सट्टे में उड़ाए**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ,'10 वाला बिस्कुट कितने का है जी' मेरठ के मशहूर हुए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह शादाब की फएएछ नहीं, बल्कि उनकी टीम की सदस्य इरम हैं। उन्होंने अपने पति खुर्शीद उर्फ सोनू के खिलाफ कोर्ट जाने की बात कही है। इरम ने एक वीडियो जारी कर कहा- मुझ पर पति ने फर्जी आरोप लगाए हैं। उनके खिलाफ कोर्ट जाऊंगी। मैं शादाब जकाती के लिए काम करती हूं। वीडियो बनाती हूं। मुझे सैलरी मिलती है। अगर मैं काम नहीं करती तो घर कैसे चलता। काम करना मेरी मजबूरी है। इरम ने कहा कि वो (पति) मुझे इतना मारता था कि मेरी बॉडी नीली पड़ जाती। मजबूरन मुझे काम करना पड़ा। मेरे पैसे उसने मुझसे लेकर जुए, सट्टे में उड़ाए। मुझे बदनाम कर दिया। मेरा भी अल्लाह मालिक है। मैं भी कोर्ट से लड़ूंगी। मामले की शुरूआत पिछले साल 25 दिसंबर से हुई थी। मेरठ के इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती पति, पत्नी के बीच वो बनकर घिर गए थे। महिला टीम मेंबर के पति ने थाने में कहा था- मेरी पत्नी शादाब जकाती के साथ रहती है, मुझे उनसे जान का खतरा है। इंचौली थाने में उन्होंने 45 मिनट ड्रामा किया था। रोते और छाती पिटते दिखे थे। इसके बाद सिर्फ 24 घंटे के बाद एक नया सामने आया था। इसमें शादाब के साथ इरम और उनके पति खुर्शीद दिखे थे। अब खुर्शीद के सुर बदले हुए थे, वो कहते नजर आए थे- इरम मेरी मर्जी से शादाब भाई के पास है, मुझे कोई दिक्कत नहीं। हालांकि, बाद में खुर्शीद ने कहा- उसने शादाब के दबाव में बयान बदला। खुर्शीद 9 महीने से मेरी कमाई ले रहा था। आरोप-प्रत्यारोप के बीच इरम एक बार फिर सामने आईं।




# कांग्रेस नेता 15 घंटे से हाउस अरेस्ट

**बहसूमा में नाबालिग रेप पीड़िता के परिजनों से मिलने जा रहे थे, इमरान मसूद को काशी टोल पर ही रोका**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सिखेड़ा में नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे कांग्रेस नेताओं को पुलिस ने रोक लिया। पुलिस ने कांग्रेसियों को पीड़िता के घर से करीब 30 किलोमीटर पहले ही रोक दिया। गंगानगर स्थित तलवार पेट्रोल पंप पर पुलिस ने कांग्रेस नेताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया रविवार रात से ही मेरठ में कांग्रेस नेताओं के आवासों पर पुलिस का कड़ा पहरा है। पुलिस ने कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं को रात से ही हाउस अरेस्ट कर रखा है। बहसूमा के महमूदपुर सिखेड़ा गांव में रेप पीड़िता मृतका के घर जाने से पहले कांग्रेसियों को रोका गया। पुलिस ने कांग्रेसियों को पीड़िता के घर से 30 किमी दूर मेरठ में ही रोक दिया है। गंगानगर के तलवार पेट्रोल पंप पर कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष की पुलिस से बहस कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अश्विनी काजला की पुलिस से बहस हो गई। कहा कि हम वहां संवेदना व्यक्त करने जा रहे हैं, क्या इस देश में किसी के दुख में शामिल होने पर भी रोक है, जो हमें इस तरह से रोका जा रहा है। वहीं कांग्रेस सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद को पुलिस ने काशी टोल प्लाजा पर ही रोक दिया है, इमरान मसूद भी बेसुमा में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे, इस 19 सदस्य डेलिगेशन का नेतृत्व इमरान मसूद ही कर रहे थे। वह दिल्ली से मेरठ आ रहे थे, तब पुलिस ने उनको काशी टोल प्लाजा पर ही रोक दिया है। बता दें कि आज सोमवार को कांग्रेस का 19 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल आज रेप पीड़िता के घर शोक जताने जाएगा। लेकिन कांग्रेसियों को पुलिस ने पहले ही मिलने से रोक दिया है। वहीं पीड़िता के घर से लेकर गांव के बाहर भारीफोर्स लगा दी गई है। गांव के सभी प्रवेश रास्तों पर बैरिकेडिंग कर गांव में एंट्री बंद कर दी गई है। वहां भारी पुलिस तैनात है। बहसूमा में कश्यप समाज की बच्ची के साथ हुई अत्यंत गंभीर एवं शर्मनाक घटना की वास्तविक स्थिति जानने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी द्वारा एक प्रतिनिधि मंडल का गठन किया गया था। यह प्रतिनिधि मंडल आज बहसूमा जाने वाला था, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखते हुए पुलिस प्रशासन ने कल रात से ही प्रतिनिधि मंडल में शामिल पूर्व ज़िला अध्यक्ष अवनीश काजला एवं शहर अध्यक्ष रंजन शर्मा के आवासों पर पुलिस बल तैनात कर उन्हें गृह नजरबंद (हाउस अरेस्ट) कर दिया।



# गंग नहर में मिली महिला की न्यूड बॉडी

**शरीर पर कपड़े और सिर पर बाल नहीं थे, मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने देखा**

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ , जानी थाना क्षेत्र में गंग नहर में महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह करीब 8 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकलने लोगों ने शव देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने बताया कि महिला के शरीर पर न तो कपड़े थे और न ही सिर पर बाल थे। उन्होंने बताया कि शव पानी के तेज बहाव के कारण उतराते हुए यहां तक पहुंचा होगा। राहगीरों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। मामला टिमकिया-बहरामपुर तिगडडे के पास गंग नहर का बताया जा रहा है। टिमकिया गांव के रहने वाले रॉबिन पूनिया और रजनीश कुमार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। गंग नहर के पुल पर पहुंचे। उनकी नजर बहरामपुर-टिमकिया तिगडडे पर गंग नहर में उतराते शव पर पड़ी। उन्होंने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जानी थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला के शव को गंग नहर से बाहर निकलवाया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों से शव की पहचान करवाने की कोशिश की गई। हालांकि शव की पहचान नहीं हो सकी। शव करीब एक सप्ताह पुराना बताया जा रहा है। लोगों ने कहा कि हो सकता है कि महिला का शव किसी अन्य क्षेत्र से बहते हुए आया हो। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानी थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया-शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है



# गाँव में फैली गंदगी, संक्रमक बीमारी का खतरा, सफाई कर्मी ब्लॉक मुख्यालय पर बजा रहे है साहब की ड्यूटी

**अमन लेखनी समाचार**

महराजगंज तराई (बलरामपुर), संक्रमक बीमारियों से बचाने के लिए कई विभाग मिलकर अभियान चला रहे हैं। लेकिन उसका कोई लाभ जनता को नहीं मिल रहा। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं तो नाले-नालियां भी जाम हैं। फागिंग भी नहीं हो रही। मच्छरों का आतंक बढ़ गया है, जिसके कारण लोगों की नींद उड़ गई है। विकास खंड तुलसीपुर में पंचायती राज विभाग साफ सफाई का दावा कर रहा है। जो कागज तक सिमटकर रह गया है। कस्बों से गांवों तक हालात पहले जैसे ही हैं। नालियों का पानी सड़कों और गलियों में बह रहा है। जल निकासी की व्यवस्था ध्वस्त होने के कारण जगह-जगह गंदा पानी बजबजा रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का भय लोगों को सता रहा है। विभाग के अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ रोज बैठक कर ग्राम पंचायत में सफाई अभियान को सफल बनाने पर चर्चा तो करते हैं लेकिन धरातल पर कोई फर्क नहीं दिखता। विकास खंड तुलसीपुर क्षेत्र के हरिहरनगर, महराजगंज तराई , खैरहानिया में नालियों की सफाई नहीं हुई है। न तो फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया गया। जिससे नाली से उठ रही दुर्गंध और पनप रहे मच्छरों के प्रकोप से क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं। सफाई नहीं होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ब्लॉक मुख्यालय कौवापुर में कई सफाई कर्मचारी ऑफिस में साहब की ड्यूटी बजा रहे है, और गाँव में गंदगी फैली हुई है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत मानिक राममौर्य ने बताया कि गांव में टीम लगाकर साफ सफाई कराई जाएगी।



# 'बच्चियां छोटे कपड़ों में गंदी रील बना रहीं'

## मेरठ में हिंदू सम्मेलन में साध्वी प्राची बोलीं- कॉन्वेंट में बच्चों को पढ़ाना ही नीला ड्रम है

**अमन लेखनी समाचार**

मेरठ, आजकल बच्चियां छोटे-छोटे कपड़ों में रील बना रही हैं। इससे लोगों के बीच गलत मैसेज जा रहा है। मैं बच्चियों से कहना चाहती हूं कि छोटे कपड़े पहनकर गंदी रील न बनाएं। यह बात मेरठ में श्ल्ढ नेता साध्वी प्राची ने रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि आजकल लोग अपनी बच्चियों को कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। बाद में जब वे ससुराल जाती हैं, तो नीले ड्रम की धमकी देती हैं। कॉन्वेंट की शिक्षा ही ह्यनीला ड्रमह्ण है। हमें सुरक्षित रहना है तो एकजुट रहना होगा साध्वी प्राची ने कहा- आज के समय में अगर हमें सुरक्षित रहना है, तो एकजुट रहना होगा। साथ ही अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ानी होगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) पिछले 100 साल से हर क्षेत्र में सक्रिय है। अब संघ हर घर तक पहुंच चुका है। इसी वजह सम्मेलन आयोजित हो रहे हैं। शिक्षा से लेकर अन्य सभी क्षेत्रों में संघ लगातार आगे रहा है। इसके बावजूद कुछ लोग संघ का विरोध कर रहे हैं। उन्हें संगठन से खतरा महसूस हो रहा है। ऐसे लोगों के न तो काम नेक हैं और न ही उनके बाप एक हैं। छोटे कपड़े पहनकर बेटियां गंदी रील बना रहीं आज के दौर में सोशल मीडिया पर रील बनाने का चलन तेजी से बढ़ा है। मैं बेटियों से अनुरोध करती हूं कि वे छोटे कपड़े पहनकर गंदी रील न बनाएं। ऐसी रील बनाएं, जिससे उनके पिता की इज्जत पर आंच न आए। रील ऐसी होनी चाहिए, जिसे देखकर पिता गर्व से कह सकें कि वीडियो में उसकी बेटी है। लव जिहाद को लेकर कहा कि कुछ लोग कलावा पहनकर चमचमाती बाइक पर आते हैं। अपना नाम हैप्पी, पप्पू, कल्लू बताकर लोगों को अपनी बातों में फंसाने का काम करते हैं। कॉन्वेंट की शिक्षा में नीला ड्रम है मेरे एक कार्यक्रम के दौरान नीले ड्रम का भी जिक्र आया था। मैं साफ कहना चाहूंगी कि इस तरह के संस्कार बच्चों में कॉन्वेंट शिक्षा से आ रहे हैं। बच्चियां पढ़कर जब ससुराल जाती हैं, तो नीले ड्रम दिखाकर डराती हैं। हम सरस्वती शिशु मंदिर और गुरुकुल में पढ़े हैं, जहां संस्कार दिए जाते हैं। आज हम अपने संस्कारों को भूलते जा रहे, उन्हें छोड़ रहे हैं। इसी वजह से आजकल के बच्चों में इस तरह के विचार आ रहे हैं और ऐसी घटनाएं हो रही हैं। प्राची ने पहले कहा था- देश को आजादी तकली-चरखे से नहीं मिली इससे पहले 25 दिसंबर को अलीगढ़ में साध्वी प्राची ने कहा था कि देश को आजादी तकली और चरखे से नहीं मिली। भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान से मिली है। इसके बावजूद चरखे वालों को राष्ट्रपिता घोषित कर दिया गया। इतिहास से तकली और चरखे वाली कहावत को उखाड़ फेंकना चाहिए। अगर किसी को राष्ट्रपिता कहना ही है तो सरहिंद की दीवारों से पूछा जाना चाहिए कि बलिदान क्या होता है? उन्होंने गुरु गोविंद सिंह को राष्ट्रपिता घोषित किए जाने की मांग की थी। कहा था- 4 बॉयफ्रेंड रखने पर घर नहीं बसेगा करीब 6 महीने पहले मुजफ्फरनगर में साध्वी प्राची ने कहा था- जो लड़कियां 4-4 बॉयफ्रेंड रखती हैं, वे कभी घर नहीं बसा सकतीं। हमारी संस्कृति में पति को परमेश्वर माना जाता है। लेकिन, आज की लड़कियां बॉयफ्रेंड बनाने को फैशन समझ रही हैं।



# प्रवासी पक्षियों का गेटवे बना बुंदेलखंड - राजीव श्रीवास्तव

**अमन लेखनी समाचार**

ललितपुर- राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि हर साल सर्दियों में जब साइबेरिया, मंगोलिया और उत्तरी यूरोप की धरती बर्फ से ढक जाती है, तब हजारों किलोमीटर दूर से रंग-बिरंगे परिंदों का एक काफि ला भारत की ओर उड़ान भरता है। ये हैं हमारे प्रवासी पक्षी, जो भोजन, गर्मी और सुरक्षित प्रजनन स्थलों की तलाश में भारत आते हैं। बुंदेलखंड के ललितपुर ज़िले के बड़े जलाशय, अब इन मेहमानों की पहली पसंद बन चुके हैं। कभी सूखे और पथरीले भूभाग के लिए प्रसिद्ध यह क्षेत्र अब डेढ़ दर्जन से अधिक बाँधों और जलाशयों के कारण पक्षियों का स्वर्ग बन गया है।



### प्रवासी पक्षियों का लंबा सफर–

ये पक्षी 5,000 से 10,000 किलोमीटर तक की दूरी तय करते हैं। इनका मार्ग साइबेरिया, अफगानिस्तान, मंगोलिया, चीन और पाकिस्तान से होकर भारत तक आता है। यह यात्रा मौसम परिवर्तन, भोजन की उपलब्धता और सुरक्षित प्रजनन की आवश्यकता के कारण होती है।

### ललितपुर पक्षियों की पहली पसंद क्यों?

ललितपुर में बने बाँधों ने स्थायी जल स्त्रोत प्रदान किए हैं। शांत वातावरण ,कम शहरीकरण और प्रदूषण ना होने के कारण पक्षियों को सुरक्षित ठिकाना मिलता है। प्राकृतिक सौंदर्य: पक्षियों की उपस्थिति में ये बाँध और सरोवर अत्यंत मनमोहक दिखते हैं मानो जल पर इंद्रधनुष उतर आया हो। प्रमुख प्रवासी पक्षियों के हिंदी में नाम कुछ इस प्रकार हैं-धारीदार हंस ,लंबी पूंछ वाला बतख , सुरखाब साधारण चकवा ,गडवाल बतख, चपटी चोंच वाला बतख, यूरोपीय जलकुक्कुट ,धूसर बगुला खुली चोंच वाला सारस आदि । इन पक्षियों की रंग-बिरंगी उपस्थिति से ललितपुर के जलाशय चित्रकला की जीवंत झील बन जाते हैं।

### शिकार की चुनौती–

पाकिस्तान और अफगानिस्तान में इन पक्षियों का शिकार आम है। भारत में Wildlife Protection Act जैसे कठोर कानून होने के बावजूद, कुछ स्थानों पर अवैध शिकार की घटनाएँ होती हैं। यह न केवल पक्षियों की संख्या घटाता है, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुँचाता है।

### पर्यावरणीय संदेश–

प्रवासी पक्षी हमें यह सिखाते हैं कि प्रकृति की सीमाएँ नहीं होतीं। हमें इन पक्षियों की रक्षा करनी चाहिए। जलाशयों को प्रदूषण और शिकार से मुक्त रखना चाहिए। स्थानीय समुदायों को पक्षी संरक्षण में भागीदार बनाना चाहिए। आप प्रकृति प्रेमी हैं तो ललितपुर के देवगढ़ , राजघाट, माताटीला, शहजाद बांध बेतवा नदी क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में एक बार अवश्य आएं।

# ललितपुर पुलिस द्वारा चलाया जा रहा मिशन शक्ति अभियान

**अमन लेखनी समाचार**

ललितपुर- मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 02.02.2026 को नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की। विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया



# महिला उत्पीड़न की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश, साइबर अपराध से बचाव की दी गई जानकारी

**महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं– राज्य महिला आयोग की सदस्य।**



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र ।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों की जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कीं। सदस्य ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना, साइबर उत्पीड़न सहित विभिन्न मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर सदस्य ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया, मोबाइल फोन एवं इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस विभाग को दें। सदस्य ने कहा कि महिला उत्पीड़न अथवा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए महिलाएं महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन सेवा 112 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, कानूनी सलाह हेतु 15100, महिलाओं के स्वास्थ्य सम्बन्धित समस्या के लिए एम्बुलेंस 102, आपात कालीन सेवा के लिए 108 पर संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से निर्भीक होकर आगे आने और अपनी शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया।

# चोपन पुलिस द्वारा महिला प्रकरण में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में थाना चोपन पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई। उक्त क्रम में थाना चोपन पर पंजीकृत मु0अ0सं0झ 0046/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस से सम्बन्धित महिला सम्बन्धित प्रकरण में वांछित चल रहे अभियुक्त नीरज पुत्र लालबाबू निवासी ग्राम बेलदहा थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 18 वर्ष को दिनांक 04.02.2026 को समय सुबह करीब 07.19 बजे रेड़िया मोड़ थाना चोपन जनपद सोनभद्र से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

# उत्तर प्रदेश में पर्यटन के नए युग का हुआ उदय

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र ।उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 के बाद पर्यटन क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव देखा गया है। राज्य सरकार ने पर्यटन को न केवल सांस्कृतिक गौरव के पुनरुद्धार के रूप में देखा है, बल्कि इसे आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक मुख्य आधार भी बनाया है। वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों और बुनियादी ढांचे में सुधार के कारण, प्रदेश घरेलू पर्यटकों के मामले में देश का नंबर-1 राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। पर्यटन विकास के केंद्र में आध्यात्मिक सर्किट का विकास रहा है। अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर के निर्माण और दीपोत्सव जैसे आयोजनों ने अयोध्या को वैश्विक मानचित्र पर ला खड़ा किया है।2017 में जहां यहां कुछ लाख पर्यटक आते थे, वहीं अब यह संख्या करोड़ों में पहुँच गई है।वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के निर्माण के बाद पर्यटकों की सुगमता और संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है गंगा आरती और क्रूज पर्यटन (जैसे अलकनंदा क्रूज) नए आकर्षण बन चुके हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से मथुरा, वृंदावन और गोवर्धन के कुंडों और मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है। इससे इन स्थलों के सांस्कृतिक और धार्मिक वैभव का पुनरुद्धार हुआ है। राज्य सरकार ने इस क्षेत्र को अन्यतम ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया, जिससे निवेशकों को कई लाभ मिले।नई पर्यटन नीति 2022 के तहत होटलों और रिसॉर्ट्स को औद्योगिक दरों पर बिजली और पानी की सुविधा दी गई है।इस नीति के माध्यम से प्रदेश में बड़े स्तर पर निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। पर्यटकों के लिए यात्रा को सुगम बनाने हेतु कनेक्टिविटी पर विशेष जोर दिया गया।कुशीनगर और जेवर (नोएडा) जैसे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के साथ-साथ अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का विकास किया गया। प्रदेश में क्रियाशील हवाई अड्डों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। आज प्रदेश में बड़े स्तर पर एक्सप्रेसवे का जाल बन चुका है जिससे पर्यटकों को संपर्क सुगमता, बेहतर यात्रा का अनुभव मिलने लगा है। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेसवे ने प्रमुख पर्यटन केंद्रों के बीच की दूरी और यात्रा समय को कम कर दिया है।सिर्फ धार्मिक स्थलों तक सीमित न रहकर, प्रदेश सरकार ने अन्य क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया है।ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देते हुए दुधवा, पीलीभीत और कतर्नियाघाट जैसे टाइगर रिजर्व में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत किया गया है। यूपी ईको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड का गठन इसका मुख्य कदम है।ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति का अनुभव कराने के लिए होमस्टे को बढ़ावा दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों को सीधा रोजगार मिल रहा है। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन विश्व के सबसे बड़े सुव्यवस्थित आयोजन के रूप में संपन्न हुआ है।प्रदेश सरकार ने विशेष आयोजनों के माध्यम से यहां के धार्मिक उत्सवों को पर्यटकीय आकर्षणों का केंद्र बनाया है।यहां होने वाले दीपोत्सव (अयोध्या), रंगोत्सव (बरसाना), और देव दीपावली (वाराणसी) जैसे कार्यक्रमों ने विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में बड़ी भूमिका निभाई है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या द्वारा वन स्टॉप सेंटर, जिला कारागार के महिला बन्दी गृह, जिला संयुक्त चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र ।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा द्वारा आज वन स्टॉप सेंटर, जिला कारागार के महिला बन्दी गृह, जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान केंद्र में महिला पीड़ितों को दी जा रही सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली तथा उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर में आने वाली महिलाओं को परामर्श, चिकित्सा, कानूनी सहायता एवं आवास संबंधी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला पीड़ितों को किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वन स्टॉप सेंटर महिलाओं के लिए भरोसे का केंद्र है, यहां की सेवाओं में गुणवत्ता एवं मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखा जाए। इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने जिला जेल महिला बैरक का निरीक्षण कर महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया, उन्होंने जिला जेल स्थित महिला बैरक का निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही आवास, भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा संबंधी सुविधाओं का विस्तार से जायजा लिया गया और महिला बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित को निर्देशित किये कि महिला बंदियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं नियमानुसार एवं समय से उपलब्ध कराई जाएं। स्वास्थ्य परीक्षण, साफ-सफाई, पौष्टिक भोजन एवं आवश्यक परामर्श सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसी प्रकार से उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने जिला संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, पंजीकरण व्यवस्था एवं उपचार प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों को समय पर बेहतर उपचार मिले तथा किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने विशेष रूप से महिला मरीजों को दी जा रही सुविधाओं पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला-बालिका जागरूकता अभियान आयोजित

**महिला सुरक्षा, साइबर सतर्कता एवं आत्मरक्षा को लेकर जनपदभर में सघन जनजागरूकता।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जनपद सोनभद्र में व्यापक एवं सघन जन- जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा, सतर्कता एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ. चारु द्विवेदी (सहायक नोडल अधिकारी–मिशन शक्ति 5.0) के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, बाजारों, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों के दौरान महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को महिला उत्पीड़न से बचाव, साइबर ठगी के नवीन तरीकों, ऑनलाइन फ्रॉड से सतर्कता, सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, गुड टच-बैड टच की पहचान तथा आत्मरक्षा के व्यावहारिक उपायों के संबंध में सरल, प्रभावी एवं संवादात्मक ढंग से जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विशेष रूप से यह बताया गया कि साइबर अपराधी प्रायः डर, लालच एवं झूठे प्रलोभनों का सहारा लेते हैं। अतः किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक, मैसेज अथवा ओटीपी को साझा न करने तथा किसी भी शंका की स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने की अपील की गई।

आपात सहायता हेतु महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर–

112-आपातकालीन सेवा

1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन

181-महिला हेल्पलाइन

1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन

1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

मिशन शक्ति टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह को यह विश्वास दिलाया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न अथवा साइबर अपराध की सूचना प्राप्त होने पर सोनभद्र पुलिस द्वारा तत्काल, निष्पक्ष एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**खास समाचार**

# वी.के. वर्मा की सुपुत्री डा. सुरभि वर्मा बनी डाक्टर, साझा किया खुशियां

**अमन लेखनी समाचार**

बस्ती। होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक जिला चिकित्सालय में आयुष चिकित्साधिकारी डा. वी.के. वर्मा की सुपुत्री डा. सुरभि वर्मा ने कजाकिस्तान से सेमी मेडिकल यूनिवर्सिटी से एम.बी.बी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद भारत में भी पात्रत्रा परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया है। अति शीघ डा. सुरभि की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होगी। तब तक डा. सुरभि पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा में अपनी सेवायें देंगी। बुधवार को एम.बी.बी.एस. परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डा. सुरभि ने पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों उनके परिजनों में फल, मिष्ठान्न वितरित कर खुशियों को साझा किया। कहा कि माता, पिता, परिजनों के पद चिन्हों पर चलकर वे एक चिकित्सक के रूप में मरीजों के बेहतर इलाज की दिशा में योगदान देंगी। डा. सुरभि की सफलता पर पिता डा. वी.के. वर्मा, माता राजेश्वरी वर्मा, भाई डा. आलोक रंजन, डा. आर.एन. चौधरी, के साथ ही चन्दा सिंह, ई. रघुनाथ पटेल, अयांश पटेल, श्रेयांश पटेल, आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

# पिपरी पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध धारा 82 की उद्घोषणा की कार्यवाही की गई

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के निर्देशन में थाना पिपरी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई। उक्त क्रम में थाना पिपरी पर पंजीकृत मु0अ0सं0झ 243/26 धारा 376, 380, 506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त रवि पांडे पुत्र राजेन्द्र पांडे निवासी ग्राम महुअरी थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र, माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत धारा 82 दण्ड प्रक्रिया संहिता के नोटिस की छायाप्रति को आज दिनांक 04.02.2026 को अभियुक्त के निवास स्थान ग्राम महुअरी थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र पर समक्ष गवाहान चस्पा किया गया तथा नियमानुसार मुनादी (उद्घोषणा) की कार्यवाही की गई।

# पुलिस मुठभेड़ के दौरान पांच शातिर चोर गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली, 5 लाख 45 हजार की नकदी और हथियार बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई ।जिले के थाना संडीला पुलिस ने बीती रात बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की घटनाओं में शामिल पांच शातिर चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया ।मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया,जबकि एक उपनिरीक्षक भी चोटिल हुए हैं ।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 लाख 45 हजार रुपये नगद,चोरी के आभूषण और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं ।इस कार्रवाई से संडीला,अतरौली और कासिमपुर क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है ।पुलिस के अनुसार देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बा संडीला के चक्कर रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी में कुछ बदमाश चोरी के माल का बंटवारा कर रहे हैं ।सूचना पर प्रभारी निरीक्षक संडीला ने पुलिस बल के साथ घेराबंदी की ।खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में बदमाश लल्लू पुत्र पुत्तू निवासी ग्राम बगरीना थाना संडीला गोली लगने से घायल हो गया ।मौके से जमील,सुनील, विद्यासागर और अनूप को गिरफ्तार कर लिया गया ।मुठभेड़ में उपनिरीक्षक करूणेश पाठक भी घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया ।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने दिन में गांवों में रेकी कर रात में चोरी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है ।आरोपियों ने अतरौली, संडीला और कासिमपुर थाना क्षेत्रों में कई चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात कबूली है ।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मुख्य अभियुक्त सुनील और लल्लू पर हत्या, लूट, गैंगस्टर एक्ट और शस्त्र अधिनियम समेत कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं ।पुलिस अब अन्य घटनाओं में उनकी संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

# परमात्मा की शरण में जाने से मनुष्य के तीनों तापों का हो जाते है नष्ट- देवी माहेश्वरी

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय। दिव्य प्रेम सेवा मिशन झांसी अंचल के तत्वावधान में आयोजित बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत के दूसरे दिन वृन्दावन धाम से पधारीं कथा वाचिका साधना श्रीजी (देवी महेश्वरी) ने भागवत के मंगलाचरण की व्याख्या करते हुए कहा कि भागवत में सत्य की वंदना की गई है। भागवत के मंगलाचरण में किसी देवी देवता का नाम नहीं लिया गया और केवल परमात्मा ही सत्य स्वरूप है ।इसलिए ऐसे सत्य स्वरूप परमात्मा की शरण में जाने से मनुष्य के जीवन के तीनों ताप नष्ट हो जाते हैं ।उन्होंने कहा श्रीमद् भागवत कथा समस्त तापों को नष्ट करने वाली है। आज का प्राणी दैहिक दैविक एवं भौतिक तापों में तप रहा है। यह संसार दुखालय है और सुख केवल परमात्मा की शरण में है, इसलिए जो परमात्मा की शरण ग्रहण करता है उसके जीवन के समस्त ताप नष्ट हो जाते हैं। बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव के दूसरे दिन राष्ट्रीय महासचिव श्री पंच अग्नि अखाड़ा पूज्यपाद सोमेश्वरानंद जी महाराज ने पहुंचकर व्यास पीठ पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि बुन्देलखण्ड कुरैठा महोत्सव में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने से ग्रामीण क्षेत्र में भी जागृति आयेगी। लोगों के मनोविकारों को दूर करने की औषधि कथा है। श्रीमद्भागवत कथा की आरती कर व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, रामनरेश तिवारी राष्ट्रीय मंत्री किसान मोर्चा, पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह पारीछा, पंकज सिंह दिल्ली, अभिमन्यु सिंह नंदी गांव, राजकान्तेश वर्मा ब्लाक प्रमुख चिरगांव, प्रभात पटैरिया एडवोकेट शामिल रहे। आये हुये अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम के संयोजक डा जगदीश सिंह चौहान एवं अपर्णा वीरांगना राष्ट्रीय संयोजक मातृ शक्ति ने किया तथा संचालन झांसी अंचल के सह संयोजक बद्री प्रसाद त्रिपाठी ने किया। भागवत कथा के यजमान संध्या जितेन्द्र सिंह परिहार रहे। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह चौहान, अनिरुद्ध सिंह, रामनारायण पस्तोर, गोविन्द प्रताप सिंह, नीरज शर्मा, सत्यम सिंह सेंगर, शिवशंकर सिंह, प्रभात पटैरिया, अशोक मिश्रा, मानवेन्द्र सिंह माना प्रधान, नाती राजा भदौरिया, चन्द्रभान सिंह ब्लाक प्रमुख बामौर, सत्य प्रकाश तिवारी, रामप्रकाश सिंह चौहान, बबलू चौहान, योगेश प्रताप सिंह चौहान, कल्याण सिंह, विजय त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, रितिक सिंह, सुयश प्रताप सिंह चौहान, गोल्डी चंदेल सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसपी ने जनता दर्शन में समस्याएं सुनकर दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित फरियादियों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, धोखाधड़ी सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से पुलिस अधीक्षक सोनभद्र को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक फरियादी की समस्या को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं कानून के दायरे में किया जाए तथा किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जिन प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# नक्शा-नक्शा खेलती शाहाबाद पुलिस, तमंचा तना शाहाबाद में, पर खाकी को दिख रहा शाहजहांपुर का बॉर्डर

**अमन लेखनी समाचार**

हरदोई, शाहाबाद ।अगर आप शाहाबाद क्षेत्र में लूट का शिकार होने जा रहे हैं, तो जरा ठहरिए! पहले एक पटवारी साथ ले लीजिए जो मौके पर ही फीता डालकर नाप सके कि वारदात शाहजहांपुर की इंच भर जमीन में शुरू हुई थी या शाहाबाद की मिट्टी पर। क्योंकि शाहाबाद कोतवाली पुलिस इन दिनों अपराधियों को पकड़ने से ज्यादा 'नक्शा नवीसी' और 'भूगोल' की पढ़ाई में रुचि ले रही है। ताजा मामला आगापुर मोड़ का है, जहां रेलवे कैटरिंग के दो कर्मचारियों को बदमाशों ने वैन में बैठाकर न केवल लूटा, बल्कि तमंचा सटाकर उन्हें मौत का खौफ भी दिखाया। पीड़ितों का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने बदमाशों द्वारा शाहाबाद की हद में उतारे जाने के बाद इंसाफ की उम्मीद कर ली। पुलिस ने उन्हें कानून का पाठ पढ़ाने के बजाय 'सीमा रेखा' का वह ज्ञान दिया, जो शायद किसी मंझे हुए भूगोलवेत्ता के पास भी न हो। पुलिस का तर्क है कि वैन शाहजहांपुर से चली थी, इसलिए लूट की 'नींव' वहीं पड़ी। अब बदमाशों ने तमंचा शाहाबाद में ताना, मोबाइल शाहाबाद में छीने और पीड़ितों को धक्का देकर शाहाबाद की जमीन पर गिराया, तो क्या हुआ? पुलिस के लिए अपराध की गंभीरता मायने नहीं रखती, उनके लिए 'बॉर्डर' का वो काल्पनिक पिलर मायने रखता है जिसके बहाने जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ा जा सके ।शासन चिल्ला-चिल्लाकर थक गया कि 'जीरो एफआईआर' दर्ज करो, सीमा विवाद में मत उलझो, लेकिन शाहाबाद पुलिस ने शायद कसम खा रखी है कि वे कागजों पर स्याही तभी खर्च करेंगे जब अपराध उनके बताए 'प्योर शाहाबादी' इंचों में हुआ हो। बदमाशों के लिए इससे सुखद खबर क्या होगी कि पुलिस अपराधियों का पीछा करने के बजाय इंची-टेप लेकर सीमा नाप रही है। नतीजा वही ढाक के तीन पात पीड़ित थाने-दर-थाने भटक रहे हैं, अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और खाकी अपने 'नक्शा ज्ञान' पर मुग्ध है। अब देखना यह है कि उच्चाधिकारी इस 'ज्योग्राफिकल स्पेशलिस्ट' पुलिस टीम को मेडल देते हैं या फिर उन्हें यह याद दिलाते हैं कि खाकी का काम सरहदें नापना नहीं, सुरक्षा देना है।

# नव निर्मित पुलिस सहायता केंद्र टुमुर्की का एसपी अशोक मीणा ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**अमन लेखनी समाचार**

शाहाबाद(हरदोई)। जनपद में पुलिस व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए और पीड़ितों को त्वरित न्याय के क्रम में मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुमुर्की में नव निर्मित पुलिस सहायता केंद्र का एसपी अशोक कुमार मीणा ने उद्घाटन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर एसपी श्री मीणा ने कहा जनपद में अपराध और अपराधियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कड़े कदम उठाये जा रहे हैं। आम जनमानस की सहूलियत और सुरक्षा के लिए मझिला थाना छेत्र के ग्राम टुमुर्की में पुलिस पिकेट की जगह नए पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण करवाया गया है। ताकि आवश्यकता पड़ने पर जरुरत मंद पीड़ित की त्वरित सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। पीड़ित को थाने तक की दुरी न तय करनी पड़े। पुलिस सहयता केंद्र की स्थापना से निश्चित रूप से अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। अपर पुलिस अधीक्षक आलोराज नारायण ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप गावों में पुलिस द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम वासियों को उनकी सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना से पीड़ितों को त्वरित सहायता प्राप्त होंगी।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी मार्तण्ड प्रताप सिंह, थाना मझिला प्रभारी सतेंद्र कुमार, पुलिस कर्मी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जफरपुर मढिया के पास गड्ढे में फिसलकर गिरी बाइक, महिला गंभीर रूप से घायल

**अमन लेखनी समाचार**

बिलग्राम, हरदोई। थाना क्षेत्र के जफरपुर मढिया गांव के निकट सड़क पर बने गड्ढे में बाइक फिसल जाने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ी। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान राम कुमारी पत्नी कृपा सिंह (उम्र करीब 45 वर्ष), निवासी ग्राम चंद सोरा, थाना सांडी के रूप में हुई है। वह अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर अपने मायके जा रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक छिबरामऊ के मढिया जफरपुर के पास पहुंची, सड़क पर बने गहरे गड्ढे में पहिया फंस गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस दौरान राम कुमारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया ।स्थानीय लोगों ने सड़क पर गड्ढों को लेकर नाराजगी जताई और प्रशासन से शीघ्र मरम्मत की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



## तापसी

### एक बार फिर कोर्टरूम में

एजेंसी ▶▶| जयपुर

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



## 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगजीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज को फिर से जिंदा करने की कोशिश करेंगी।




## केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



## मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




## 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


## नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



## अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

## फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



## इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

**मुंबई।** टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



### भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

## ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी



इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।

### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो